दोहा-कोश

[हिन्दी-छायानुवाद-सहित]

ग्रन्थकार
सिद्ध सरहपाद

सम्पादक, पुनरनुवादक
महापंडित राहुल सांकृत्यायन

बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना

प्रकाशक
बिहार-राष्ट्रभाषा-परिषद्
पटना—३

प्रथम संस्करण, शकाब्द १८७९
विक्रमाब्द २०१४, ख्रीष्टाब्द १९५७

मूल्य बारह रुपये, सजिल्द तेरह रुपये, पचीस नये पैसे

मुद्रक
मोहन प्रेस
पटना—३

वक्तव्य

इस ग्रन्थ के सम्पादक महापण्डित श्रीराहुल साकृत्यायन के महत्त्वशाली शोधकार्यो से हिन्दी-साहित्य के इतिहास मे जो क्रान्तिकारी परिवर्त्तन हुए है उनसे हिन्दी-जगत् भलीभाँति परिचित है। साहित्यिक गवेषणा के क्षेत्र मे उनके अनुसन्धानो ने जो प्रकाश फैलाया है उससे युगो का घनीभूत अन्धकार तिरोहित हुआ है। यह ग्रन्थ इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

हिन्दी-ससार मे साहित्यिक शोध के छोटे-मोटे काम बहुत दिनो से होते आ रहे है। परन्तु, जब से काशी-नागरी-प्रचारिणी सभा ने प्राचीन हस्तलिखित पोथियो की खोज करके उसका विवरण प्रकाशित किया और 'सभा' के ही उद्योग से भारतीय विश्वविद्यालयो मे हिन्दी-साहित्य का अध्ययन-अध्यापन तथा अनुसन्धान-अनुशीलन होने लगा, तब से शोध के काम मे विद्वानो की दिलचस्पी बढने लग गई। किन्तु, शोध-सामग्री की अपर्याप्तता के कारण इस दिशा मे विशेप प्रगति नही हुई। सच तो यह कि बहुत-सी शोध-सामग्री पाश्चात्य जगत् के सग्रहालयो मे सुरक्षित है, जिसका उपयोग करने के लिए योरप-यात्रा करना अनिवार्य है। विदेश-यात्रा करना सब शोधको के लिए सभव नही। फिर भी, हमारे कुछ शोधको ने विदेश जाकर वहा की सचित सामग्री से लाभ उठाया, पर उससे प्राचीनतम हिन्दी-सम्बन्धी खोज मे कोई उल्लेखनीय सहायता नही मिली। जब राहुल जी ने अत्यन्त प्राचीन हिन्दी की प्रचुर शोध-सामग्री का उद्धार ऐसे दुर्गम स्थान से किया, जहाँ आधुनिक युग के शोधको की पहुँच नही हो सकती थी, तब हिन्दी-भाषा के साहित्य की शोध-दिशा बदल गई। अत इस ग्रन्थ के प्रकाशन से शोधकर्त्ता सज्जनो को नई प्रेरणा मिलने की सभावना है।

श्रीराहुलजी की तरह 'मिशनरी स्पिरिट' से काम करनेवाले यदि और भी दो-चार व्यक्ति हिन्दी मे होते, तो साहित्यिक शोध के क्षेत्र मे आज अनेक विस्मयजनक कार्य हुए रहते। यद्यपि हिन्दी के साहित्यसेवियो मे अब शोध करने की प्रवृत्ति धीरे-धीरे जाग रही है, तथापि राहुलजी को सच्चे अनुयायी के रूप मे अभी तक निष्ठावान् सहायक नही मिले है। राष्ट्रभाषा हिन्दी आज

उस स्थिति मे पहुँच गई है जब उसको अनेक श्रद्धालु साधको की आवश्यकता है। हमारी धारणा है कि सच्ची लगन और पक्की धुन के अमायिक व्यक्ति ही खोज के काम के लिए फकीर हो सकते है। प्रपञ्च-मुक्त हुए बिना शोध-कार्य को निर्विघ्नता के साथ सम्पन्न करना कठिन है। शोध की दिशा मे राहुलजी के भगीरथ-प्रयत्नो को देखकर ऐसा अनुभव होता है कि जग-जजाल से छुटकारा पाकर शोध-तत्पर होने से ही भाषा और साहित्य का वास्तविक उपकार हो सकता है।

इस ग्रन्थ मे सिद्ध सरहपाद की कविता भोट-भाषा मे रूपान्तरित है, जिसकी अविकल छाया प्राचीन हिन्दी म स्वय राहुलजी ने प्रस्तुत की है। मूल और छाया के साथ कही-कही जो पाद-टिप्पणियाँ है और ग्रन्थ के अन्त मे जो परिशिष्ट है, उनसे राहुलजी के कठोर परिश्रम तथा अथक अध्यवसाय का अनुमान किया जा सकता है। उनकी विस्तृत भूमिका के अध्ययन से भी, प्राचीन हिन्दी के सम्बन्ध मे अनुसन्धान करनेवालो को, काफी प्रकाश मिलेगा। आशा है, शोध-सलग्न सज्जनो को ऐसा प्रतीत होगा कि यह ग्रन्थ वस्तुत हिन्दी को राहुलजी की एक अपूर्व देन है।

वैशाखी पूर्णिमा, बुद्ध-जयन्ती
शकाब्द १८७९, विक्रमाब्द २०१४

शिवपूजन सहाय
(सचालक)

विषय-सूची

१ (क) दोहाकोश-गीति

[हिन्दी-छायानुवाद-सहित]

पृष्ठ

परिशिष्ट

चित्र-परिचय

मेरी पत्नी कमला सांकृत्यायन

को

उनकी सहायताओं के लिए

भूमिका

§१. सरह की दुनिया

सरहपाद का काल (ईसवी आठवी सदी), भारतवर्ष के इतिहास मे कई दृष्टि से अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है। इस महान् विचारक कवि और सन्त-सिद्ध के प्रादुर्भाव से एक नये युग की सूचना मिलती है।

(१) राजनीतिक स्थिति

पुष्पभूति या वर्धन-वश के राजा हर्षवर्धन प्राचीन भारत के अन्तिम दिग्विजयी सम्राट् थे। ४२ वर्ष (६०६–६४८ ई०) के सुदीर्घ, शान्त और समृद्ध शासन के बाद जब ६४८ ई० मे उनका निधन हुआ, तो उनका साम्राज्य जल्दी ही छिन्न-भिन्न होकर इतना कमजोर हो गया, कि अपने अपमान का बदला लेने के लिए चीनी राजदूत ने थोडी-सी तिब्बती और नेपाली सेना की मदद से हर्ष की राजधानी पर अधिकार जमानेवाले अर्जुन को न केवल हराया ही, वल्कि उसे बन्दी बनाकर चीन ले गया। आगे सौ साल का समय टुकडे-टुकडे मे बँटे कान्यकुब्ज-साम्राज्य के पारस्परिक कलह और पतन का इतिहास हमारे लिए अत्यन्त अपरिचित-सा है। एक शताब्दी बीतने पर हम भारत मे तीन महाशक्तियो का उदय होते देखते हैं (१) पूर्व मे यशस्वी पाल-वश हर्ष के साम्राज्य के पूर्ववाले भू-भाग पर अपना दृढ शासन स्थापित करता है, और वहाँ मत्स्य-न्याय का अन्त कर हिन्दूकाल के अन्त तक रहनेवाले एक राजवश की नीव डालता है। (२) दक्षिणापथ—जिसे जीतने का असफल प्रयत्न हर्ष ने किया था—मे और भी प्रचड राष्ट्रकूटो का शासन देखने मे आता है और (३) राजपूताने के भिन्नमाल या श्रीमाल के गुर्जर-प्रतिहार अपनी शक्ति बढाते यमुना और गगा के किनारे तक पहुँचने की कोशिश करते हैं।

कान्यकुब्ज के भाग्य का फैसला अभी नही हो पाया था, जब कि सरहपाद ने

कार्यक्षेत्र मे पैर रखा। इन्ही तीनो शक्तियो के हाथ मे भारत का भाग्य था। इनके मैदान मे आने से पहिले ही भारत से बाहर अपने प्रभाव को फैलाती एक विश्व-शक्ति पश्चिम की ओर से भारत की ओर बढती चली आ रही थी। यह थी अरब या इस्लाम की शक्ति। अभी प्रतापी हर्ष कान्यकुब्ज मे विराजमान ही थे, जब कि ६३९ ई० मे अरब-सेना ने महावन्द के युद्ध-क्षेत्र मे ईरान के प्रतापी सासानी राजवश का उच्छेद किया। अगले तेरह वर्षो मे विजयिनी अरब-सेना ख्वारेज्म और तुखारिस्तान [मध्य आमू (वक्षु) उपत्यका] तक पहुँच गई। अरब केवल अपने शासन की ही स्थापना के लिए दिग्विजय नही कर रहे थे, बल्कि साथ ही वह विजित देशो की सस्कृति और प्राचीन विश्वासो को ध्वस्त कर एक नया रूप देने का प्रयत्न कर रहे थे। इसीलिए, उनके प्रतिवन्दी भी आसानी से हथियार डालने के लिए तैयार नही थे। तुखारिस्तान मध्य-एसिया मे बौद्धधर्म का गढ था, जहाँ दत्तामित्रि—आधुनिक तेर्मिज—और बलख (वाह्लीक) अपने महान् बौद्ध-विहारो तथा विद्वानो के लिए मशहूर थे। मिहिरगुल के ध्वसक कार्यों के बाद पेशावर से हटाकर तथागत के भिक्षापात्र को बलख मे ले जाकर रक्खा गया था, इसी से बौद्धधर्म के लिए इस स्थान का महत्त्व मालूम हो सकता है। तुखारिस्तान की भूमिका मे इस्लाम और बौद्धधर्म के लिए जो खूनी सघर्ष हो रहे थे, उससे भारतीय शासक चाहे अप्रभावित रहे, पर बौद्ध-जगत् के महान् शिक्षा-केन्द्र नालन्दा और दूसरे विहारो मे तो सैकडो भुक्तभोगी मध्य एसियाई भिक्षु अध्ययन करते थे, इसलिए वह सारी घटनाओ मे पूरी तौर से अवगत थे। यद्यपि वहाँ भारत से कोई सहायता नही पहुँच सकती थी, पर भारतीय बौद्धो की सहानुभूति तुखारिस्तानियो के साथ थी।

आठवी सदी के साथ इस्लाम की विजयिनी ध्वजा सिर और सिन्धु महानदियो के किनारे फहराने लगी। आज से १२४५ वर्ष पहिले ७११ ई० मे उमैया खलीफा वलीद अब्दुलमलिक-पुत्र के सेनापति मुहम्मद बिन-कासिम ने आपसी फूट से लाभ उठाकर सिन्ध को अरब-साम्राज्य मे मिला लिया और सिन्ध हमेशा के लिए इस्लाम का विजित देश हो गया। उधर वलीद के दूसरे महान् सेनापति कुतैब बिन-मुस्लिम ने वक्षु और सिर के बीच के भूभाग मे इस्लाम और इस्लामी शासन स्थापित करने मे

सफलता पाई। ७०६ ई० मे बुखारा—बौद्ध विहार के कारण पडे इस नामवाले महानगर—को अन्तिम सघर्ष के बाद आत्मसमर्पण करना पडा और वह आगे चलकर बौद्ध की जगह इस्लाम की काशी बना। ७१४ ई० मे पूर्वी तुर्किस्तान मे भी इस्लाम की विजय-वैजयन्ती पहुँच गई, जब कि काशगर और खुतन ने घुटने टेक दिये और सैकडो वर्षो से बौद्धधर्म-प्रधान इस देश के हजारो सघारामो को लूटकर नष्ट कर दिया गया, भारी सख्या मे भिक्षु तलवार के घाट उतारे गये। यह सारी घटनाएँ भारत के बौद्ध आचार्यो के लिए अपने सामने घटित-सी मालूम होती थी।

भारत मे पाल, राष्ट्रकूट और प्रतिहार अपनी स्थिति को दृढ और परिसीमित करने मे आठवी सदी के अन्त मे सफल हुए, जब कि सरहपाद शायद इस दुनिया मे नही रह गये थे। पर इनके समय मे ही मगध ने उत्तरी भारत मे प्रमुख स्थान ग्रहण कर लिया था। गोपाल ने सरहपाद के सामने ही ७६५ ई० के करीब पाल-वश की स्थापना की। वह बिल्कुल साधारण कुल का आदमी था, जो अपनी योग्यता और सर्वप्रियता के कारण पूर्व-भारत का अधीश्वर बनाया गया। उसके पुत्र धर्मपाल ने तो, एक बार मालूम हुआ, हर्षवर्धन के प्रताप को दुहराके रहेगा। पर, राष्ट्रकूट और प्रतिहार उसके रास्ते मे बाधक हुए। अरबो को आगे बढने से रोकने मे, पाल-वश का उतना हाथ नही था, जितना कि, उसके दोनो प्रतिद्वन्द्वियो का। गोपाल धर्मपाल का राज्य अरब-साम्राज्य की सीमा से बहुत दूर पडता था, इसलिए वह बहुत पीछे ही इस्लाम के आक्रमणो की आखेट-भूमि बना। तो भी मगध-भूमि बौद्धधर्म का केन्द्र थी, वही बडे-बडे बौद्ध-विद्या-केन्द्र थे, जहाँ दूर-दूर के विद्यार्थी ही पढने नही आते थे, बल्कि जहाँ के विद्वान् धर्म-प्रचार के लिए नाना देशो मे जाया करते थे। सरहपाद के दर्शन के परम गुरु महान् विद्वान् शान्तिरक्षित स्वय इसी उद्देश्य से तिब्बत गये और वही अपने बनवाये तिब्बत के सर्वप्रथम सघाराम—सम् ये—मे अपना शरीर तिब्बती सम्राट् (श्री स्रोङ दे-चन् (७५५—७८० ई०) के राज्यकाल मे छोडा। इस प्रकार मगध का बौद्ध जगत् से घनिष्ठ सबध होने के कारण वह सभी बातो से अवगत था। यहाँ यह बात भी स्मरण रखने की है, कि पाल-राजा अन्त तक अपने को परम सौगत घोषित करते रहे।

२ धार्मिक स्थिति

सरहपाद का प्रादुर्भाव जिस आठवी सदी के पूर्वार्ध मे हुआ, वह धर्म की दृष्टि से भी एक नये युग का सन्धिकाल था। इससे एक ही शताब्दी पहले वसुबन्धु, दिङ्नाग और धर्मकीर्त्ति के महायान-धर्म और दर्शन का चरम उत्कर्ष हुआ था। बौद्धधर्म अपने हीनयान और महायान के विकास को चरम सीमा तक पहुँचा कर अब एक नई दिशा लेने की तैयारी कर रहा था, जब उसे मत्रयान, वज्रयान या सहजयान की सज्ञा मिलनेवाली थी, और जिसके प्रथम प्रणेता स्वय सरहपाद थे। हीनयान (स्थविरवाद) ने शील-सदाचार तथा वैयक्तिक निर्वाण पर अधिक जोर दिया था। उसने बुद्ध के दर्शन और शिक्षा को यथाशक्ति मूलरूप मे रखने की कोशिश की थी। महायान ने भी थेरवाद के शील-सदाचार, भिक्षुचर्या को बहुत-कुछ स्वीकार किया था। वस्तुत. महायानी भिक्षु उन्ही विनय-नियमो को मानते थे, जो कि सर्वास्तिवादी हीनयान के विनय-पिटक मे है। हाँ, महायानी आदर्श और उद्देश्य मे वह हीनयान के के वैयक्तिक निर्वाण को हीन, स्वार्थपूर्ण मानते थे, और वैयक्तिक मुक्ति की जगह प्राणिमात्र को दु ख से मुक्त करने के लिए अपने अनत जन्मो का उत्सर्ग करना एक मात्र परमलक्ष्य मानते थे। बौद्ध क्षणिक और अनात्म-वादी दर्शन को और आगे बढाते हुए उन्होने नागार्जुन के माध्यमिक या शून्यवाद दर्शन एव असग के योगाचार या विज्ञानवादी दर्शन तक पहुँचाया। अब वह समय आ गया था, जब कि शील, समाधि और प्रज्ञा-संबधी पुरानी परपराओ और धारणाओ का पुन. मूल्याकन किया जाय, और उनमे से कितनो को साफ व्यर्थ की रूढि घोषित किया जाय। यह काम हम स्वय सरह को करते देखते है। वह सहज जीवन के पक्षपाती है, और भक्ष्य-अभक्ष्य, गम्य-अगम्य की पुरानी धारणाओ पर सीधी चोट करते है। हरेक क्रान्तिकारी या उग्र सुधारक को अपने काम में जनता से ही सहायता लेनी पडती है। बुद्ध और महावीर को भी यही करना पडा था। जनता को उसकी भाषा द्वारा ही अपनी ओर खीचा जा सकता है, यह उन्हे मालूम था। यही कारण था जो बुद्ध और महावीर ने जन-भाषा का सहारा लिया। पर, उनके समय की भाषा अब स्वय मृत भाषा

थी, जिसे साहित्य के रूप में ही पढा-समझा जा सकता था। सरहपाद ने सस्कृत के पडित होते भी तत्कालीन 'भाषा' को अपना माध्यम बनाया।

बौद्ध ही नही, ब्राह्मण-धर्म मे भी अब नये धार्मिक और दार्शनिक सप्रदाय उपस्थित होनेवाले थे। पाशुपत-धर्म अब भी उत्तर और दक्षिण मे प्रभावशाली था। गुप्तकालीन वैष्णव-धर्म ह्रासोन्मुख था। अब दक्षिण के शकर का मायावादी अद्वैत विज्ञानवाद दर्शन प्रकट हो रहा था। शकराचार्य सरहपाद के समकालीन थे। वह असग के योगाचार दर्शन को नई बोतल मे पुरानी शराब डालने की उक्ति के अनुसार एक नया रूप दे रहे थे। यह बात लोगो से छिपी नही थी। उनके प्रतिद्वद्वी शकराचार्य को 'प्रच्छन्न बौद्ध' कहा करते थे। शकर ने यद्यपि इस बात को छिपाना चाहा, कि उनका दर्शन योगाचार की देन है, पर उनके मान्य आचार्य और परपरा के अनुसार परमगुरु गौडपाद बुद्ध को नमस्कार करते अपनी कारिकाओ मे उनके ऋण को स्वीकार करते हैं। शकर मुँह से न कहते भी आचरण से बौद्ध और ब्राह्मण-दर्शनो के सबध मे समन्वयवादी हैं। धार्मिक मान्यताओ मे भी वह समन्वयवादी थे। शिव, विष्णु या शक्ति—सभी को वह परमदैवत और आराध्य मानते थे। यद्यपि यही बात वैष्णव आलवारो के सबध में नही कही जा सकती, पर उनके द्वारा वैष्णव-धर्म भी उस रूप को ले रहा था, जो आज उत्तर और दक्षिण मे देखा जाता है, और जिसका सबसे अधिक जोर भक्ति पर है। बौद्धधर्म की तरह ब्राह्मण धर्म के लिए भी यह काल एक नये सदेश का वाहक है। जैन-धर्म के बारे मे यह बात उतने जोर से नही कही जा सकती, पर वहाँ भी योगीन्दु, रामसिह—जैसे सन्तो को हम नया राग अलापते देखते है, जिसमे समन्वय की भावना ज्यादा मिलती है।

सरह के साथ एक नये धार्मिक प्रवाह को हम जारी होते देखते है, जो आज भी सन्त-परम्परा के रूप मे हमारे सामने मौजूद है। इसके बारे मे हम आगे कहनेवाले हैं। सन्तो के साथ जिस योग और भावनाओ का सबध है, वह भी इसी समय अपने नये रूप मे प्रकट होते है। उनकी भावना या योग वही नही है, जिसे पतजलि के योगदर्शन या पुराने बौद्ध-सूत्रो मे देखते हैं। इस ध्यान और भावना के लिए यम-नियमो की उतनी आवश्यकता नही मानी जाती थी और न उसके ढग उतने रूढ थे।

इसमे गुरु का वचन सर्वोपरि माना जाता था, जिस पर सरहपाद ने अपने दोहाकोश मे जगह-जगह जोर दिया है। यह स्मरण रखना चाहिए, कि तिब्बती शब्द लामा गुरु का ही पर्याय है। वहाँ 'बुद्ध शरणं गच्छामि' से भी पहले 'गुरु शरण गच्छामि' कहते त्रिशरण की जगह चतुःशरण लिया जाता है। इसके प्रवर्त्तक सरहपाद है, इसमे कोई सन्देह नही। तिब्बत का आज का प्रचलित धर्म बुद्ध से अधिक सरहपाद की शिक्षा को मानता है।

(३) भाषा का संक्रातिकाल

भाषा की दृष्टि से देखने पर भी यह एक नये युग का सधिकाल है। छान्दस (वैदिक भाषा) के बाद ईसा-पूर्व पाँचवी-छठी सदी मे भाषा ने नया रूप लिया, जिसके नमूने बुद्ध-वाणी और अशोक की धर्मलिपियो की भाषा मे मिलते है, और जिसे आसानी के लिए हम जनपदीय पालियाँ कह सकते है। यह सारी एक ही तरह की नही थी। पालियो के अवसान के बाद ईसवी-सन् के आरभ के आस-पास प्राकृत अस्तित्व मे आई, जो ईसा की पाँचवी सदी के अन्त तक प्रचलित रही। छान्दस्, पाली और प्राकृत भाषाओ मे आपस मे काफी भेद थे, पर अब भी उनकी एक विशेषता कायम थी, अर्थात् यह तीनो भाषा-कुल उस रूप को अपनाये हुए थे, जिसे भाषाविद् 'श्लिष्ट' (synthetic) रूप कहते है। द्विवचन को हटा देने तथा कुछ विभक्तियो को कम कर देने पर भी अभी सुबन्त और तिङन्त के सैकडो और हजारो रूप प्रचलित थे—दसो (विधि और आशी मिलाकर ग्यारह) लकारो, आत्मनेपद-परस्मैपद रूपो, णिजन्त, सन्नन्त, यङन्त, यङलुगन्त आदि स्वरूपो को उन्होने मान्य रक्खा। अब प्राकृत का स्थान उसकी जिस पुत्री ने लिया, जो विश्लिष्ट नही अश्लिष्ट भाषा थी। धातु-रूपो और शब्दरूपो की पुरानी परिपाटी अब बहुत-कुछ खत्म-सी कर दी गई। लकारो की प्रचुरता समाप्त करके भूत-काल के लिए निष्ठा-प्रत्यय का प्रयोग होने लगा। श्लिष्ट से अश्लिष्ट रूप मे भाषा का परिवर्तन एक बडी क्रान्ति थी, जो कि प्राकृत की उत्तराधिकारिणी भाषा में देखा गया। इस भाषा का स्मरण सबसे पहिले हर्ष के समकालीन (६०६–६४८ ई०) महाकवि बाण के 'हर्षचरित' मे मिलता है।

वहाँ इसका आज का रूढ नाम 'अपभ्रश नही मिला है, बल्कि केवल 'भाषा' कहकर पुकारा गया है । 'भाषा' से हमेशा वर्त्तमान भापा का ही अर्थ लिया जाता रहा है । पाणिनि वैदिक (छान्दस) भापा से भिन्न भाषा को 'भाषा' कहते है, यद्यपि पाणिनि के समय——ईसा-पूर्व चौथी सदी मे——प्रचलित भाषा वह अवैदिक सस्कृत भापा नही थी, जिसे पाणिनि 'भाषा' कहते है । गोस्वामी तुलसीदास जिसे 'भाषा भणिति' कहते है, वह निश्चय ही उनके समय की प्रचलित भापा थी । आज भी उत्तरी भारत मे 'भाखा' से अभिप्रेत है, वर्त्तमान भापा । वाण ने जिस मित्रमडली के साथ घुमक्कडी की थी, उसमे 'भाषाकवि ईशान पर मित्र' भी था। भाषा से वाण का अभिप्राय प्राकृत भापा नही था, क्योकि 'हर्षचरित' मे वही अपने साथी——'प्राकृतकृत् कुलपुत्रो वायुविकार' का नाम लिया है । प्राकृत के कवि वायु-विकार से भापा-कवि ईशान का नाम अलग देना ही बतलाता है, कि वाण के समय प्रचलित भाषा प्राकृत नही थी । नई भाषा का नाम अभी अपभ्रश रूढ नही हो पाया था, पर वाण का भापा से मतलब अपभ्रश से ही है ।

अपभ्रश नाम पतजलि (ईसा पूर्व १५५) के महाभाष्य मे भी आता है, पर वहाँ वह वैदिक और लौकिक सस्कृत से भिन्न तत्कालीन भापा है, जो कि पालि-समूह की थी । सरहपाद के ग्रथो मे भी अपभ्रश नाम नही मिलता।

अपभ्रश सस्कृत-पालि-प्राकृत के श्लिष्ट-भापा-कुल से उत्पन्न, पर अश्लिप्ट होने से एक नये प्रकार की भाषा है। वह उक्त तीनो भाषाओ से दूर तथा हमारी हिन्दी आदि आधुनिक भापाओ की माता-मातामही ही नही, वल्कि उसी प्रकृति की भापा है ।

'हर्षचरित' के कथन से सिद्ध है, कि सातवी सदी के पूर्वार्द्ध मे अपभ्रश का ईशान कवि हुआ था, जिसकी योग्यता इसीसे सिद्ध है, कि वाण उसे केवल मित्र नही, बल्कि 'पर मित्र' कहता है । दसवी सदी के अन्त के अपभ्रश के महाकवि पुप्पदन्त ने अपने काव्य 'महापुराण' मे "चौमुह सयम्भू सिरिहरिसु, दोणु । णालोइउ कई ईसाणु वाणु कहते जिस ईशान कवि का स्मरण किया है, वह वाण का परम मित्र ईशान था, यह डॉक्टर वासुदेवशरण अग्रवाल का मत ठीक जान पडता है । वाण के

परम मित्र ईशान अकेले ही अपभ्रंश के कवि नही रहे होगे, और भी कितने ही भाषा-कवि तब तक हो चुके होगे, इस प्रकार सरहपाद को हम अपभ्रंश का प्रथम कवि नही कह सकते। पर सरह से पहिले के किसी कवि की कोई कृति या पद्य हमारे पास तक नही पहुँचा, इस प्रकार अपभ्रंश की सर्वप्रथम कृति सरह के दोहो के रूपो मे ही आज मौजूद है, इसलिए अपभ्रंश के आदि कवि के तौर पर सरहपाद का ही नाम लिया जा सकता है।

जिस प्रकार अपभ्रंश के रूप मे एक नये प्रकार की अश्लिष्ट भाषा इस समय हमारे सम्मुख उपस्थित होती है, उसी प्रकार दोहा, चौपाई, पद्धरी के नये छन्द इसी समय हमारे साहित्य मे देखे जाते है। ये छन्द प्राकृत या दूसरी पूर्ववर्त्ती भाषाओ में नही मिलते। इन नये छन्दो को पहिले-पहिल हम सरह की कृतियो मे ही देखते है। जिस तरह आर्या-गाथा प्राकृत-साहित्य की अपनी विशेषता है, उसी तरह दोहा-चौपाई-पद्धरी अपभ्रंश की अपनी विशेषता है, जो उसके वश की हिन्दी आदि भाषाओ मे अब भी मौजूद है और अपभ्रंश की तरह हिन्दी को भी आज दोहा-चौपाईवाली भाषा कह सकते है। अपभ्रंश वैसे केवल हिन्दी की अपनी चीज नही है, उसपर उत्तर भारतीय या भारत की हिन्दू-आर्य सभी भाषाओ का एक समान अधिकार है। वह मराठी, गुजराती, पजाबी, हिन्दी क्षेत्र की भाषाओ—राजस्थानी, मालवी, बुन्देली हरियानी, कौरवी (मूल हिन्दी), पहाडी, व्रज, अवधी, भोजपुरी, मैथिली, मगही, असमिया, बगला, उडिया—की अपनी निधि है। इन सभी भाषाओ के क्षेत्र मे अपभ्रंश-साहित्य की रचना हुई, उसको अपना समझा गया और वह सभी को अपने साहित्यिक दाय-भाग के रूप मे मिली। आज दोहा-चौपाई का कुछ भाषाओ से उठ जाना एक खटकनेवाली बात है।

इन सारी बातो को देखने से मालूम होगा, कि सरह जिस भाषा के आदि कवि है, वह कई दृष्टियो से एक नये युग की भाषा है। कोई भी नया युग—जो इतने महान् परिवर्त्तनो का वाहक हो—एकाएक एक निश्चित मास या वर्ष मे तो क्या, निश्चित शताब्दी मे भी आन उपस्थित नही होता। प्राकृत ने किस शताब्दी मे अपभ्रंश के लिए अपना स्थान छोडा यह बतलाना बहुत मुश्किल है। वर्त्तमान शताब्दी के आरभ तक

तो हमारे बहुत कम ही विद्वान् उसके अस्तित्व को जानते थे। बहुतेरे तो हमारी आधुनिक आर्यभाषाओ को सीधे सस्कृत से जोडते थे। उनको यह पता नही था, कि सस्कृत को हमारी आधुनिक भाषाओ से मिलानेवाली कडी पालियाँ, प्राकृत और अपभ्रश है। आज इसे माना जाने लगा है, पर अब भी बहुत लोग यह निश्चय नही कर पा रहे है, कि अपभ्रश का स्थान आधुनिक भाषाओ के बीच मे है या पालि-प्राकृतो मे ?

अस्तु, अपभ्रश के जन्म-दिन का पता लगाना सभव नही है। सभवत· यह परिवर्त्तन कुछ समय तक बहुत धीरे-धीरे होता रहा, फिर एकाएक गुणात्मक परिवर्त्तन होकर श्लिष्ट की जगह अश्लिष्ट भाषा आन उपस्थित हुई–वह वही (प्राकृत) न होने पर भी कितनी ही बातो मे वही (प्राकृत) थी। अपभ्रश का सारा शब्द-कोश और उच्चारण-क्रम प्राकृत का था, पर व्याकरण की अन्य विशेषताएँ आधुनिक अवधी-व्रज-भोजपुरी-जैसी। यह घटना छठी शताब्दी के अन्त मे किसी समय घटी। इस सारी शताब्दी को हम प्राकृत और अपभ्रश की सीमा-रेखा मान सकते है, उसी तरह, जिस तरह ईसा-पूर्व प्रथम शताब्दी को पालियो और प्राकृतो की सीमा-रेखा, तथा ईसा पूर्व सातवी सदी को छान्दस और पालियो की सीमा रेखा।

इस प्रकार सरहपाद नई भाषा और नये छन्दो के युग के आदि-कवि है। इतना ही नही, सन्त-सिद्ध परम्परा के आदि-सिद्ध होकर वह आध्यात्मिक तौर से भी नई दिशा दिखलानेवाले है। शायद उन्हें द्वितीय बुद्ध कहकर लोग अतिशयोक्ति से काम नही लेते। प्रमाण-शास्त्र मे उनके परम गुरु शान्तरक्षित को, द्वितीय धर्मकीर्त्ति कहा जाता था। सरह की परम्परा मे ही सिद्ध शान्तिपा (रत्नाकरशान्ति) हुए, जिन्हे 'कलिकाल-सर्वज्ञ' कहा गया, जो जैन 'कलिकाल-सर्वज्ञ' हेमचन्द्र से एक शताब्दी पहले हुए थे।

§२. सरह का व्यक्तित्व

१ जीवनी

सरहपाद की जीवनी के सबध मे बहुत-थोडी-सी सूचना तिब्बती अनुवादित ग्रंथो से मिलती है और वह सबसे प्रामाणिक है, इसमे सन्देह नही।

'चतुरशीतिसिद्धप्रवृत्ति' (स्तन् ग्युर, ग्युद्, ८६ । १) मे एक तरह सिद्धो की सूची-भर दी गई है । यद्यपि भारतीय भाषा से अनुवादित यह एक ही पुस्तक है, पर सिद्ध-युग मे (आठवी से ग्यारहवी सदी तक) तिब्बत और भारत का घनिष्ठ सवध रहा, वहाँ से अनेक जिज्ञासु भारत मे आकर दीक्षा लेते थे । तिब्बत के सबसे बडे सिद्ध (द्वितीय सरहपा) जे चुन् मि ला रेस् पाके गुरु मर्.वा लो च ग ने विक्रमशिला मे तत्कालीन महासिद्ध नारोपा से दीक्षा ली थी । तिब्बती सन्तो और महात्माओ के ग्रथों मे मौखिक गुरु-परम्पराएँ भारतीय सिद्धो के बारे मे उद्धृत है, जिनसे भी कुछ प्रकाश पड सकना है, पर अभी तक उन परम्पराओ को जमा करने की कोशिश नही की गई है ।

सरहपाद पूर्व दिशा के राज्ञी नामक कस्बे मे पैदा हुए थे । पूर्व दिशा से कौन-से प्रदेश का अभिप्रेत है ? आमतौर से मगध से पूर्व वाले प्रदेश पूर्व दिशा कहे जाते थे, जिसमे बगाल—विशेषत. वारेन्द्र—आ सकता है । पर, वारेन्द्र का उल्लेख करते पूर्व-दिशा वारेन्द्र देश एक ही साथ कहा जाता था । इसलिए हम वहाँ वारेन्द्र को नही ले सकते । इसके बाद भगल (भागलपुर) और पुड्रवर्धन (उत्तरी बगाल) ही रह जाते है, जहाँ सरहपाद की जन्मनगरी राज्ञी रही होगी । कामरूप (असम) का उल्लेख करते पूर्व-दिशा के साथ कामरूप भी जरूर आता है ।

राज्ञी बहुत बड़ा नगर नही रहा होगा । उसी के एक ब्राह्मण-परिवार मे सरह का जन्म हुआ । उनसे एक शताब्दी पूर्व पैदा हुए बाण के राजसी वैभव को हम जानते है, जिसके घुमक्कडी जीवन मे भी कवि, पडित, कलाकार, संगीत-नृत्यकार, भिक्षु, परिव्राजक, वैद्य, तान्त्रिक, धूर्त्त, परिचारक आदि ४४ आदमियो की पलटन साथ रहती थी । सरहपाद का कुल बाण की तरह वैभवशाली था, इसे जानने का हमारे पास कोई साधन नही है पर इतना हमे मालूम है, कि सातवी-आठवी सदी मे अभी सामान्य तौर से ब्राह्मण अच्छी स्थिति में थे । उनमे विद्या का प्रचार था । बौद्ध और जैनधर्म ने ऊँच-नीच जाति (वर्ण)—व्यवस्था पर प्रहार किया था, जिससे नीच कुल में जन्मे होनहार पुरुषो के आगे बढने का रास्ता निकल आया था, पर ब्राह्मणो को समुदाय के तौर पर आर्थिक हानि उठानी पड़ी हो, इसका हमें पता नही । पाल-वंश सदा बौद्ध रहा, पर उसके

प्रधान-मत्री प्राय ब्राह्म ही होते थे और साथ ही ब्राह्मण-धर्म के अनुयायी भी, जैसा कि एक पाल-महामत्री के नारायण-मदिर के निर्माण से मालूम होता था। उस समय, विशेषकर पूर्व (मगध आदि) मे आस्तिक ब्राह्मणो के हृदय मे भी बुद्ध और उनके शिष्यो, बोधिसत्त्वो के प्रति श्रद्धा थी, यह वाण के वर्णनो से मालूम होता है। यह भी नही कहा जा सकता, कि कि सरह का कुल बौद्ध था या ब्राह्मण-धर्मी। सरहको जहाँ सिद्ध और योगीश्वर कहा जाता है, वहाॅ वही एक सन्त है, जिन्हे 'महान् ब्राह्मण' (तिब्बती—ब्रम् से छेन् पो) की उपाधि से विभूषित किया गया है। यह जातिवाद के खयाल से नही, वल्कि 'धर्मपद' मे वर्णित ब्राह्म-गुणो के धनी होने के कारण। अपने प्रसिद्ध 'दोहाकोश' के पहिले ही दोहा मे उन्होने ब्राह्मणवाद पर प्रहार किया है, इसलिए वह उसके पक्षपाती नही थे, इसमे सन्देह नही।

उनके बाल्य और नवतारुण्य का भी हमे पता नही मिलता। 'होन-हार बिरवान के होत चीकने पात की उक्ति वालक सरह पर ठीक घटित होती रही होगी। वह असाधारण मेधावी थे, इसमे क्या शक हो सकता है? मेधावी होने के साथ-साथ वह मस्तिष्क से प्रकृतिस्थ नही थे, जिसका अर्थ यह नही कि वह पागल थे। वह बचपन से ही ऐसे थे, इसे नही कहा जा सकता। बाज वक्त प्रतिभाओ मे इस तरह के लक्षण पीछे प्रकट होते है, जब कि दुनिया को देख लेने पर उसका रोब उनके हृदय से दूर हो जाता है, और वह सभी प्रकार की रूढ़ियो को निस्सार समझ खुल्लमखुल्ला बगावत करने लगते है। आगे के जीवन को देखने से भी सरह को आरभ मे प्रकृतिस्थ प्रतिभावान् ही मानना पडेगा। सभव है, बाल्य काल मे उनकी शिक्षा-दीक्षा अपने नगर मे ही हुई। यदि उनका कुल बौद्ध नही था, तो उनका अध्ययन ब्राह्मणो की तरह घर पर या किसी ब्राह्मण गुरु के पास हुआ। उन्होने अपने वेद के साथ व्याकरण, कोश, काव्य का अध्ययन किया होगा। फिर उनकी न तृप्त होनेवाली जिज्ञासा उन्हे किसी बौद्ध विद्वान् के पास ले गई होगी। यदि उनका कुल जन्मना बौद्ध रहा, जो उस समय असभव नही था, तो उनके सीधे वौद्ध-सघ मे सम्मिलित होने मे कोई दिक्कत नही थी। श्रद्धालु माता-पिता अपने पुत्र—कभी-कभी एकलौते पुत्र—को भी प्रव्रजित करके सघ का दायाद

बनाना चाहते थे, जैसा कि राजा अशोक ने किया था। जैसे भी हो, नालन्दा मे अध्ययन के लिए सरह पीछे पहुँचे होगे। अत्यन्त कम अपवादो के साथ नालन्दा मे उन्ही छात्रो को प्रवेश मिलता था, जो कि वहाँ की द्वार-परीक्षा मे उत्तीर्ण होते थे। यह परीक्षा काफी कठिन होती थी। परीक्षा मे उत्तीर्ण होने-भर की योग्यता प्राप्त करके सरह ने नालन्दा की ओर प्रस्थान किया होगा।

बाल्य-नाम क्या था, यह हमे नही मालूम, पर सरह या सरहपा के नाम से प्रख्यात होने से पहिले उनका नाम राहुलभद्र और सरोज (सरोरुह) वज्र भी था। भिक्षु-नाम सभवत राहुलभद्र ही था, सरोजवज्र वज्रयान से सबध प्रकट करने के लिए हुआ गया। राहुलभद्र के कौन प्रथम उपाध्याय और आचार्य थे, इसका पता कैसे लग सकता है, जब कि उन्होने अपने सत्-गुरु को भी नाम लेकर कही याद नही किया, यद्यपि उनके प्रति सम्मान प्रकट करने में पीछे नही है। नालन्दा में रहते उनके एक अध्यापक हरिभद्र थे। हरिभद्र धर्मकीर्त्ति (बाण के वृद्धसमकालीन) के समान शान्त-रक्षित के शिष्य थे। वह दर्शन और प्रमाणशास्त्र के अपने समय के महा-पडित थे। शान्तरक्षित भोट सम्राट् खिस्रोङ दे. चन् (७५५–८० ई०) के के बुलाने पर तिब्बत गये और उन्होने वहाँ के प्रथम सघाराम सम् ये को ७७६-८० ई० (दूसरी परम्परा के अनुसार ८२३–८३५ ई०) मे बनवाया। ७९३ ई० के करीब तिब्बत मे ही इस अद्भुत विद्वान् तथा अपने परोप-कारमय जीवन के कारण आज भी भी तिब्बत मे बोधिसत्त्व के नाम से प्रसिद्ध पुरुष की मृत्यु सौ वर्ष की आयु मे हुई। इस प्रकार शान्तरक्षित का जन्म ६९३ में हुआ था। सभवत. उनके जीवन-काल में ही राहुल-भद्र सरहपा बन चुके थे।

सरहपाद के काल के बारे मे यहाँ कुछ कहना जरूरी है। वह शान्त-रक्षित-शिष्य हरिभद्र के विद्यार्थी रह चुके थे और हरिभद्र राजा धर्मपाल (७७०–८१५ ई०) के समय मौजूद थे। सरहपा भी धर्मपाल के समकालीन थे, पर साथ ही यह भी मालूम है, कि सरह के शिष्य शबरपा के शिष्य लूइपा राजा धर्मपाल के कायस्थ (सचिव या लेखक) थे। अपने राजा के साथ वह वारेन्द्र (पूर्वी बगाल) मे थे, जब लुई सिद्ध शबरपा के घनिष्ठ संपर्क में आ राजा से आज्ञा ले गृहत्यागी बने। इससे मालम होता है,

उस समय सरहपा का देहान्त हो चुका था, जिसके कारण उनके शिष्य शबर को सर्वोपरि सिद्ध माना जाने लगा था। लुईपा—भूतपूर्व राज-कायस्थ—असाधारण पुरुष थे, यह इसीसे मालूम होगा, कि गणना मे तृतीय (सरह 7 शबर 7 लुई) होने पर भी सिद्धो की सूची मे वह सिद्ध नम्बर एक है। यदि लुईपा धर्मपाल के अन्तिम समय ८०० ई० के करीब मौजूद थे, तो सरहपा की मृत्यु ७८० के करीब शायद हो चुकी थी।

राहुलभद्र कितने ही सालो तक नालन्दा मे पहले विद्यार्थी पीछे अध्यापक के तौर पर रहे। वह बौद्ध-शास्त्रो को पढाते रहे होगे। कविता की ओर उनकी स्वाभाविक रुचि जरूर रही होगी, पर बौद्धधर्म ने अश्वघोष (ईसा की प्रथम शताब्दी) और उनके समकालीन मातृचेट, तथा कुछ पीछे के आर्यशूर को पैदा करने के बाद कविता के क्षेत्र को छोडकर प्रमाणपटुता को अपना लक्ष्य बना उसमे ही परम सफलता प्राप्त की। तो भी जो थोडे-से सस्कृत श्लोक सरहपाद के मिलते है, उनमे कवित्व का अभाव नही है। उदाहरणार्थ—

"या सा ससारचक्र विरचयति मन सन्नियोगात्महेतो
सा धीर्यस्य प्रसादाद् दिशति निजभुव स्वामिनो निष्प्रपञ्च।
तच्च प्रत्यात्मवेद्य समुदयति सुख कल्पनाजालमुक्त,
कुर्यात् तस्याङ्घ्रियुग्म शिरसि सविनय सदगुरो सर्वकालम्॥"

—बौद्ध गान ओ दोहा, पृष्ठ ३

और भी मधुर यह पद्य—

"तनुतरचित्ताङ्कुरको विषयरसैर्यदि न सिच्यते शुद्धै।
गगनव्यापी फलद कल्पतरुत्व कथ लभते॥" —वही, पृष्ठ ४

इसमे सरहपाद ने शुद्ध विषय-रस के सेवन पर जोर दिया है। इसी भाव को और स्पष्ट करते वह कहते है—

"येनैव विषखण्डेन म्रियन्ते सर्वजन्तव।
तेनैव विषतत्त्वज्ञो विषेण स्फुटयेद् विप॥"

—वही, पृष्ठ, ७५

सिद्धचर्या की ओर पैर बढाने से पहले राहुलभद्र ने शास्त्रो के अध्ययन के साथ काव्यो का अवगाहन किया होगा। यद्यपि कवि पैदा करने की प्रवृत्ति बौद्ध-विद्यापीठो मे नही देखी जाती थी, वल्कि उनकी उसकी

ओर कुछ उपेक्षा ही थी, यह इससे स्पष्ट है, कि चन्द्रगोमी अपने चान्द्र व्याकरण के लिए जितने प्रसिद्ध है, उतने अपने काव्य-ग्रथो के लिए नही। उनका 'लोकानन्द' नाटक तिब्बती मे अनुवादित होने के कारण बच रहा है, नही तो वह उनकी और काव्य-कृतियो के साथ लुप्त हो गया होता। यह नही माना जा सकता, कि 'लोकानन्द' ही चन्द्रगोमी की आदिम और अन्तिम कृति रही होगी। सामान्य शास्त्रो के अध्ययन मे बौद्ध साप्रदायिक नही थे। पाणिनि का वह बहुत सम्मान करते थे, और एक समय बौद्ध ही पाणिनि-व्याकरण के महान् आचार्य माने जाते थे। 'काशिका' (पाणिनि-वृत्ति) को बौद्ध-कृति माना जाता है। पतजलि के 'महाभाष्य' के बाद पाणिनि-वैयाकरण का सबसे प्रौढ प्राचीन ग्रथ 'न्यास' तो महान् नैयायिक और, महावैयाकरण जिनेन्द्रबुद्धि आचार्य की कृति है, जो बौद्ध थे। जिनेन्द्रबुद्धि ने न्यास की तरह ही दिङ्नाग के महान् ग्रथ 'प्रमाणसमुच्चय' पर एक सुन्दर टीका लिखी है, जो अब तिब्बती-अनुवाद मे ही प्राप्य है।

सरहपाद के सामने अश्वघोष के काव्य 'बुद्धचरित' और 'सौन्दर-नन्द', नाटक 'सारिपुत्रप्रकरण' और 'राष्ट्रपाल' मौजूद थे। गुणाढ्य की 'बृहत्कथा', भास के नाटक, कालिदास की अमर कृतियाँ, प्रवरसेन के नाम से प्रसिद्ध पर कालिदास की प्राकृत-कृति 'सेतुबन्ध', दडी भवभूति के सुभाषितो का अवगाहन करना राहुलभद्र के लिए सुलभ और आवश्यक भी था, क्योकि उनके बिना शिक्षा पूरी नही समझी जा सकती थी।

राहुलभद्र को ही सरहपाद के नाम से वज्रयान के प्रथम सिद्ध होने का गौरव प्राप्त है, पर उसका यह अर्थ नही कि मत्रयान या वज्रयान का आरभ उन्ही से हुआ था। सिद्ध चौरासी सिद्धो से पहिले भी होते रहे। मृच्छकटिक' मे (पाँचवी सदी) मत्रसिद्धि की बात ही नही, आश्चर्यवार्त्ता-सहस्रवाले श्रीपर्वत का भी उल्लेख है। सरहपाद से सौ साल पहिले हुए बाण हर्ष को सकल प्रणयिमनोरथसिद्धि श्रीपर्वत कहते है। श्रीपर्वत नागार्जुन का निवास-स्थान रह चुका था। नागार्जुनीकोण्डा (जिला गुण्टूर, आन्ध्र) मे प्राप्य विशाल ध्वसावशेष बतलाते है, कि श्रीपर्वत किसी समय एक महान् बौद्ध-केन्द्र था। वहाँ से मिले अभिलेखो से निश्चित ही है, कि वर्त्तमान नागार्जुनी कोण्डा का ही पुराना नाम श्रीपर्वत था। सरह के समय से

पहिले ही श्रीपर्वत प्रसिद्धि पा चुका था। सरहपाद को भी उसने अपनी ओर आकृष्ट किया, और वह अक्सर वहाँ जाकर रहा करते थे। उनको सद्गुरु वहाँ मिले या और कही, इसका पता नही। वस्तुत सिद्धचर्या का बौद्ध-इतिहास सरह तक जाकर अतीत के अन्धकार मे विलुप्त हो जाता है।

जैसे भी हो, एक दिन राहुलभद्र नालन्दा छोड बैठते है, और उसके साथ और बहुत-सी बातो को भी तिलाजलि दे देते है, जिसके लिए नालन्दा अस्तित्व रखता था। महायानी होते हुए भी नालन्दा मे अशोक के समय से चली आती विनय-परपरा मानी जाती थी। भिक्षु स्त्री-विरत रहते थे, वह मद्यपान नही कर सकते थे। उनके शरीर पर भिक्षुओ के चीवर अनिवार्यतया सदा बने रहते थे। राहुलभद्र को यह सारा बेकार का ढोग मालूम हुआ। ढोग समझ लेने पर वह अपने सम्मान-सत्कार की भी परवाह करने के लिए तैयार नही थे। कितने लोगो ने इसे सनक समझा होगा, पर सरह को उसकी भी परवाह थी नही। जैसा मैने पहिले कहा, वह असाधारण मस्तिष्क के पुरुष थे। जिस समय उन्होने यह महान् निर्णय किया, उस समय वह दूसरी भूमिका मे पहुँच गये थे। उनकी जाग्रत और स्वप्न की अवस्थाओ की सीमा-विभाजक रेखा मिट गई। असाधारण प्रतिभा के साथ-साथ यह मानसिक स्थिति सरह ने पाई थी।

अपनी खुली बगावत को और स्पष्ट करने के लिए उन्होने शर-कार (वाण बनानेवाले) की एक लडकी अपने साथ रख ली और स्वय भी सरकडो का शर बनाने लगे, जिससे उनका नाम सरहा पडा। फिर भक्त लोगो ने अपनी श्रद्धा के प्रतीक शब्द 'पाद' को जोडकर उन्हे सरहपाद कहना शुरू किया। आरभ क्या, वाद मे भी सनातनी बौद्ध और सुधारक बौद्ध उनका विरोध करते रहे, पर विरोधियो से उनके भगतो की सख्या और अधिक हो गई। उनके जैसे अन्तर और वाह्य से बिल्कुल खुले और निष्कपट पुरुष की नीयत पर तो कोई आक्षेप नही कर सकता था। छल और प्रपच के लिए जिन उपायो का इस्तेमाल किया जाता है, वह उन्हे इस्तेमाल करने मे असमर्थ थे। वह जमात से करामात नही करते थे, बल्कि अपनी महामुद्रा—शरकार-कन्या—के साथ अकेले विचरा करते थे। विचरण-भूमि मे नालन्दा से श्रीपर्वत तक की भूमि तो अवश्य थी, हो सकता है, वह उत्तरी भारत के सारे भूभाग मे विचरते हो।

वह अपने विचारो का प्रचार करना चाहते थे । ध्यान के साथ करुणा पर भी उनका बहुत जोर है और करुणा बिना ध्यान या शून्यता-योग को वह व्यर्थ समझते है। इस करुणा से ही प्रेरित होकर लोगो को अन्धेरे से बाहर निकालना चाहते थे । अपने दोहो के रचने मे उनका केवल यही उद्देश्य रहा होगा, यह नही कहा जा सकता । उनके कितने ही पद्य मौज मे निकले सहज उद्‌गार-से मालूम होते है। सस्कृत को नही, बल्कि साहित्यिक भाषा के तौर पर अभी अस्वीकृत अपभ्रश को अपने भावो का माध्यम बनाना बतलाता है, कि अपने दूर के अनुयायी कबीर की तरह वह पडितो से नही, बल्कि जन-साधारण से सबध रखना चाहते थे ।

§३. सरह की कृतियाँ

सरहपा केवल अपभ्रश-पद्यो के ही रचयिता नही है, बल्कि कई सस्कृत-ग्रथ—विशेषकर तंत्रो की टीकाएँ—उनके नाम की तिब्बती स्तन्-ग्युर मे है । इन्हें उन्होने अपनी किस स्थिति मे लिखा था, यह कहना मुश्किल है, सभवत वह आरभिक अवस्था की कृतियाँ हो । ऐसी कृतियो की सख्या सात है—

	नाम	स्तन् ग्युर् के तत्रो मे स्थानपृष्ठ-पक्ति	अनुवादक
१	बुद्धकपालतत्रपजिका 'ज्ञानवती'	र १०४ख१–१५०क२	गयाधर/ग्यि जो स्ल वडि
२	बुद्धकपालसाधन	र २२५ख३–२२६ख३	,, ,,
३	बुद्धकपालमण्डलविधि	र २३०ख२–२४३ख५	,, ,,
४	त्रैलोक्यवशकरलोकेश्वरसाधन	फु १८२ख२–१८३क६	अभयाकर/छ्ल् ख्रिम् ग्यल् म्छन्
५	,, ,,	फु १८४क६–१८४क६	रत्नाकर/ ,,
६	त्रैलोक्यवशकरावलोकितेश्वर-साधन	मु ४६ख२–४७क७	अमोघवज्र/ब रि लो च व
७	त्रैलोक्यवशकरलोकेश्वरसाधन	मु ८८क१–८८ख३	अग्स.प ग्यल् म्छन्

इनके अतिरिक्त यहाँ अनुवादित १६ अपभ्रश की कविताएँ स्तन् ग्यु्र् सग्रह के तत्र (ग्र्यद्) विभाग मे सगृहीत है, जिनके सरह की कृति होने की बहुत सभावना है, विशेषकर वे, जिनमे सरह के स्वतन्त्र और फक्कड विचारो की छाप दीख पडती है । यह कृतियाँ निम्नलिखित है ·

		पद्य-सख्या		
१	दोहाकोश गीति	१३५–२०	वि ७०ख५–७७क३	०
२	दोहाकोश नाम चर्यागीति	३८-२	शि २६ख६–२८ख६	०
३	दोहाकोशोपदेश गीति	८०-१	शि २९ख६–३३ख४	वज्रपाणि
४	क ख दोहा नाम	३३-०	शि ५५ख३–५७ख२	श्री वैरोचनरक्षित
५.	क.ख दोहाटिप्पण	०	शि ५७ख२–६५ख७	श्री वैरोवचनवज्र
६	कायकोशामृतवज्रगीति	१२४–०	शि १०६क२–११५ख४	०
७	वाक्कोशरुचिरस्वरवज्रगीति	४७-२	शि ११३क२–११५ख४	कृष्ण (नग् पो प)
८.	चित्तकोशाजवज्रगीति	२५-२	शि ११५ख४–११७क२	,,
९	कायवाक्चित्तामनसिकार	९०-०	शि ११७क३–१२२क३	,,
१०	दोहाकोश महामुद्रोपदेश	४३-२	शि १२क३–१२४क३	वैरोचनरक्षित
११	द्वादशोपदेशगाथा	१६-३	शि १२४क७–१२५क३	०
१२	स्वाधिष्ठानक्रम	१६-०	शि १२५क३–१२६क६	शान्तभद्र/ मॅ वन्.छोस् वर्
१३.	तत्वोपदेशशिखरदोहागीतिका	२५-१	शि १२६ख–१२७ख१	कृष्णपडित
१४	भावनादृष्टिचर्याफलदोहागीति		सि ३क५–४क२	०
१५	वसन्ततिलकदोहाकोग-गीतिका	६–३०	सि ५ख२–६ख६	०
१६.	महामुद्रोपदेशवज्रगुह्यगीति	१३४-१	सि ५५ख७–६२क६	कमलशील/स्तोन्. प. सेङ्. गे. ग्र्यल्. पो

सरह की अपभ्रंश की कृतियाँ दोहाकोश वा दोहा-गीति के नाम से प्रसिद्ध है। पर हम देखते है, कि उनकी सबसे अधिक प्रसिद्ध कृति "दोहा-कोश नाम चर्यागीति" मे दोहो की अपेक्षा चौपाइयाँ अधिक हैं। इससे यही मालूम होता है, कि दोहा शब्द अभी अपने आज के अर्थ मे रूढ नही हुआ था और उसका अर्थ दोहरी पंक्ति वाले छन्द से था। इसी तरह अभी अमरकोशके रहते भी 'कोश' शब्द केवल शब्दकोश के लिये इस्तेमाल नही होता था, इसीलिए यहाँ 'दोहाकोश' का अर्थ दोहासंग्रह मात्र था। प्राकृत की महान् कृति 'गाथासप्तशती' को पहिले 'गाथा-कोश' ही के नाम से पुकारा जाता था। इसमे शक नही कि दोहाकोश नाम का प्रचार सरह की इसी कृति द्वारा हुआ। उनकी चार कृतियाँ भिन्न-भिन्न नाम के दोहा-कोश है। तिब्बत मे अब भी प्रचलित परंपरा के अनुसार सात दोहाकोश (दोहा म्जोद्. व्दुन्) सिद्धचर्या और वज्रयानी योग के प्रेमियो के वेद माने जाते है। इनमे सरहपा, लुईपा, विरूपा, कण्हपा, तिलोपा आदि के कोश सम्मिलित हैं। तिब्बती भाषा मे सप्तकोश पर बहुत बड़ा साहित्य है जिसके अध्ययन से सिद्धो के विचारो पर काफी प्रकाश पड़ सकता है।

§४. सरह की परम्परा

जैसा कि ऊपर बतलाया गया, शबरपा सरह के प्रधान शिष्य थे, जिन्हे आदर से शबरेश्वर भी कहते है। शबर कहने से उन्हे आदिवासियो की सन्तान नही समझना चाहिए। सरहपा के दूसरे शिष्यों मे जोगी, नागा-र्जुन और सर्वभक्ष भी थे। यह नागार्जुन यदि कोई ऐतिहासिक व्यक्ति थे, तो द्वितीय शताब्दी के माध्यमिक आचार्य नागार्जुन नही हो सकते, यद्यपि ऐसा करने के लिए उन्हे कई सदियो की आयु देने की कोशिश की गई है और इसीलिए उनकी ऐतिहासिकता—जहाँ तक सरहपाद के शिष्यत्व का सम्बन्ध है—सदिग्ध हो गई है। तिब्बती परपरा ने आदि-सिद्ध सरहपाद को छठा सिद्ध नही बनाया, बल्कि जान पड़ता है, किसी पक्षपात के कारण प्रथम सिद्ध बनने का सौभाग्य सरह के प्रशिष्य भूतपूर्व राज-कायस्थ लूईपा को प्राप्त हुआ। बिहार-बगाल के नालन्दा, विक्रमशिला और जगत्तला के महान् विहारो के तुर्कों द्वारा ध्वस्त कर दिये जाने पर

भारतीय सघराज शाक्यश्रीभद्र के साथ शरणार्थियो की जो मडली तिब्बत पहुँची थी, उसमे शाक्यश्रीभद्र के शिष्य तथा अपनी भाषा (पूर्वी मैथिली) के कवि विनयश्री भी थे। विनयश्री तिब्बत के स.स्क्य बिहार मे बहुत समय तक रहे। शायद वह फिर लौटकर भारत नही आये। वहाँ एक बडल से जो मूल्यवान् हस्तलेख मिले थे, उनमे विनयश्री के कितने ही स्वरचित गीतो के साथ सिद्धो का नामानुस्मरण भी था, जिसका शायद आज ही तरह गुरुपरम्परा के तौर पर पाठ किया जाता था। पाठ कुछ अधिक भ्रष्ट मालूम होता है, जिससे विनयश्री के हाथ का लिखा होने मे सन्देह होता है। इस परम्परा मे भी पहिला नाम लूईपा का मिलता है, जैसे :—

"लुइ (१) लीला (२) बिरुआ (३) कमल (३०) कलक्कल (६८) चलणा।
काकण (२६) कन्हदेव (१८) त डोम्बि (४) वीणा (११) नाग (७६) हरणा। (१)
सिद्ध (च) लणो भावि रपभास र बान्दइ।ध्रु।
भाट (२४) भादे (३५) भुसुकु (४१) कोकिल (८०) जोगी (५३) बाजपाचे। (२)
नीलप (४०) माथ विसुधो डेङ्कपा (३१) असिष[2] धरि।
मेखला (६६) सरह (६) सबर (५) तैलोम्रे (२२) कुक्कुरिपा (३४) अप सिद्धा। (३)

चन्दकिति भुअ-भुअ कि अन्ता पुण सरहे निबधा।
चन्दण[3] किष्णपा (१७) आ माहिल (३७) वीर सम्वरा। (४)
सुगतभूषण धोकडि (४६) तान्ति (३३) धामधुम (३६) अवतारा।
सहजो स कपिल थाकलि (१६) सव्बभक्ष (७५) विसेसे[1]। (५)
सान्ति (१२) चाटपा (५६) लक्ष्मि (८२) अनतिन (५८) सनल विसेसे।
महिधर (५०) सुखमदेव कन्हपा (१७) जउडि (६४) विरुअ (३) तीनी। (६)
चन्द्रभूति दुदुआ चन्द[5] राउल कोङकल (६८) आहि ना।

विर अचिन्त (३८) अधार्घी वज्ज-आङ्कर कराली । (७)

दारिक (७७) गुडरि (५५) गगना (१६) डाक पभाकर काम्वलि (३०)

उडिआणावर घटा (५२) कमलसिल निरासु । (८)

श्री जलन्धर (४६) नाग (?७६) वुद्ध भल दिलाहु सुप्रसिद्ध ।

उडविसि दास पभासर धारना सिद्ध । (६)

आर्यदेव (१८) नागार्जुन (२६) राउले (४७) सिद्ध मेखला (६६) निवधा ॥

इस सूची मे कुछ नाम ऐसे भी है, जो ८४ सिद्धो की प्रामाणिक सूची मे नही मिलते । पर वह किसी की गुरु-परम्परा मे हो सकते है, जैसे चन्द्रराहुल की पूरी सूची हम अन्यत्र (पुरातत्त्वनिवधावली) मे दे चुके है। यहाँ हम सिद्ध सरहपाद के शिष्य वगवृक्ष को देते है, जिससे पता लगेगा कि आठवी से ग्यारहवी सदी ईसवी तक कौन-कौन-सी आध्यात्मिक विभूतियाँ पैदा हुई थी—

सरह-वंश-वृक्ष

(राजा गोपाल ७६५–६६)
सरह ६
मुसुक ४१
जोगी ५३
शबर ५
नागार्जुन १६
सर्वभक्ष ७५
मेखला २६
लुई ५
आर्यदे ८१
नागाबोधि ७८
पक्ज ५१
किल ७३
डेंगी ३१
दारिक ७७
विरुपा ३
राहुल ४७
लीला ३
भद्र २४
(देवपाल ८१५—५४ मई)
सर्वभक्ष ७५
चिता घटापा ५
डोवि ४
गुडरि ५५
जलधर ४५
मत्स्येंद्र
मेखला ६६
अनग ८१
कमरि ३०
तति १३
चर्पटी ५६
धर्म ६३
कण्हपा
१७
कमरि ३०
कुकुरि ११
हालि ५०
गोरक्ष
चौरंगी
लक्ष्मी
इंद्रभूत
गुह्य
चेतन ८
मेखला ६६
कनखला ६७
महिपा ३७
भद्र २७
कथलि ६१
भादे ३२
(नारायण ८५७–६११ ई०)
विजय
लक्ष्मी ८२
वीणा ११
जवरी ६४
तेलो २२
लीला २
(महिपाल ६६२–१०४० ई०)
शवरद्वि० नारोपा २०
थगन १६
अवधूति
मर.बा
शातिपा १२
कमर ४५
चेलुक ५४
दीपकश्रीज्ञान
मि.ला
कुठालि ४४
(नेपाल १०४४-५५") कान्हपा २७

इस वश-वृक्ष के देखने से मालूम होगा कि गोरखनाथ—जिनका पथ अब भी सारे भारत मे फैला हुआ है—सरह>शवर>लुई>दारिक>घटा जलधर>मत्स्येन्द्र की शिष्य-परम्परा मे थे। महाराष्ट्र के ज्ञानेश्वर भी सरह की परम्परा के ही थे, जैसे

आदिनाथ (जलधर)> मत्स्येंद्र> गोरख>गहनी> निवृत्ति नाथ> ज्ञानेश्वर। ज्ञानेश्वर और गोरखनाथ के बीच की कुछ पीढियाँ छूटी मालूम होती है, क्योकि गोरखनाथ राजा देवपाल (८१५–५४ ई०) के समकालीन थे और ज्ञानेश्वर १४ वी सदी के।

§५. कवित्व

सरह के समय मे पहुँचते-पहुँचते सस्कृत और प्राकृत दोनो साहित्यो का मध्याह्न बीत चुका था। अश्वघोष, भास, कालिदास के काव्य नाटक अब तक प्रसिद्ध हो साहित्यानुरागियों के प्रेम-भाजन बन चुके थे। सुबन्धु, दडी और बाण—जैसे महान् गद्यकार कवि भी हो चुके थे। भामह और दडी-जैसे उद्भट साहित्य-मीमांसक भी उस समय तक प्रसिद्धि पा चुके थे। प्रवरसेन की "कीर्त्ति" भी सागरस्य पर पार चली गई थी। सरहपाद पहिले सस्कृत के महापडित के तौर पर नालन्दा मे प्रसिद्ध हुए थे। उन्होने इन काव्यनिधियो का अच्छी तरह अवगाहन किया था। वह चाहते तो अपने समय की शिष्ट सरणी का अनुसरण करते, उच्च समाज मे एक सफल कवि के तौर पर ख्याति प्राप्त कर सकते थे। पर उन्होने शिष्ट साहित्य की जगह लोक-साहित्य का अनुसरण करना पसन्द किया, और अपन मन से यह भाव निकाल दिया, कि कभी मैंने उन ग्रथों का अध्ययन किया था। उनकी कविता में शास्त्र-सम्मत गुणो का अभाव नही है। उपमा का वह अक्सर सुन्दर प्रयोग करते है। उनके दोहाकोश 'चर्या-गीति' (२) के तो एक-एक पद मे उपमाएँ भरी-पडी है। अफसोस है, सरह की इस अनमोल कृति को अभी मूल-भाषा मे नही पाया गया, और उसके तिब्बती अनुवाद से ही हमे सन्तोष करना पडेगा। इसमे उन्होने जो उपमाएँ दी है, उनमें से कुछ है-

(१) जैसे जलधर सागर से जल लेकर पृथिवी पर फैलाता है। (५)

(२) जैसे सागर का खारा जल जलधर के मुख मे पड मीठा हो जाता है (११)

(३) बिजली के घोष को छोड पानी बरसता जाता है। (१२)

(४) जैसे फूल के भीतर की मधु को मधुमक्खी ही जानती है। (१४)

(५) जैसे दर्पण के रूप को अन्धा नही समझता। (१५)

(६) फूल की गध का रूप नही होता, तोभी वह प्रत्यक्ष सर्वत्र व्याप्त है। (१६)

(७) कीचड मे पडा उत्तम रत्न अपनी चमक को प्रकाशित नही करता। (२८)

(८) जैसे बीज से अकुर होता है, अकुर के कारण टहनियाँ होती है।

(१०) जैसे ब्राह्मण घृत और तडुल से प्रज्वलित अग्नि मे होम करता है। (२३)

यद्यपि इच्छा होने पर उन्होने उपमाओ का इतना सुन्दर प्रयोग किया है, पर वह बहुत कम और एकाध ही कृतियो मे। सरह ने अपनी कविता मे कुछ नई मान्यताएँ स्थापित की, जिनका पता उनसे पहिले नही मिलता, यद्यपि उनका अस्तित्व लोक-काव्य मे रहा होगा। यही मान्यताएँ गोरख, कबीर, नान्हक, दादू आदि सभी सन्तो मे पाई जाती है। यही आगे चलकर सन्त-काव्य की कसौटी बन गई। इनमे व्यग्योक्तियाँ, उलटवासियाँ भी शामिल है। सरह कविता करना अपना ध्येय नही समझते थे। वह नया सदेश देना चाहते थे, जिसका जिक्र हम आगे करेगे। स्मरण करने की सुविधा के लिए जिस तरह उस समय नाना शास्त्रो पर ग्रथ श्लोक या कारिका मे लिखे जाते थे, उसी तरह उन्होने भी अपने विचारो को लौकिक छन्दो मे गूँथा। बल्कि सरह के बारे मे यह भी कहना ठीक नही प्रतीत होता। सरह आज की भाषा मे अब्नार्मल प्रतिभा के धनी थे। मूड आने पर वह कुछ गुनगुनाने लगते। शायद उन्होने स्वय इन पदो को लेखबद्ध नही किया। यह काम साथ रहनेवाले सरह के भक्तो ने किया। यही कारण है, जो दोहाकोश के छन्दो के क्रम और सख्या मे इतना अन्तर मिलता है। सरह जैसे पुरुष से यह आशा नही रखनी चाहिए, कि वह अपनी धर्म की दूकान चलायेगा, पर, आगे वह चली, और खूब चली, इसे कहने की आवश्यकता नही। ८०० से कुछ ऊपर के 'दोहो' के मूल-रूप

मे आये विना हम उनकी कविता का पूरा मूल्याकन नही कर सकते । वह मूल मे अब न मिल सकेगे, ऐसा मै नही समझता, अब भी उनमे से कितने ही तिव्वत मे मिलेगे, यह मेरी धारणा है ।

दोहा कोश-गीति मे भी उपमाओ का प्रयोग सरह ने किया है, यद्यपि चर्यागीति जितना नही —

(११) अप्पा परहि ण मेलविउ, गमणागमण ण भोग्ग ।
तुस कुट्टन्ते काल गउ, चाउल हत्थ ण लाग्ग । (५४)

(१२) अण्ण तरग कि अण्ण जलु, भव-सम ख-सम सरूअ ।। (७६)

(१३) जत्तइ पइसइ जलहि जलु, तत्तइ समरसु होइ ।। (७८)

(१४) मुअणं जिम वरकामिणि माणिउ । रइ-सुह तहि पच्चक्खहि समाणिउ ।
(१०७)

(१५) जिम-जल-मज्झे चन्दडा, णउ सो साच्च ण मिच्छ ।
तिम सो मण्डल-चक्कडा, णउ हेडइ णउ खित्त ।। (११८)

(१६) जिम जलेहि ससि दीसइ च्छाआ । तिम भवे पडिहासइ सअलवि माआ
(१३०)

कवीर की उलटवासियाँ मशहूर है, पर इसका भी आरंभ हम सरह मे पाते है । 'दोहाकोशगीति' के कुछ उदाहरण देखिये—

(१) वद्धो धावइ दस दिसाहि, मुक्को णिच्चल ट्ठाअ ।
एमइ करहा पेक्ख सहि, विवरिअ मह पडिहाअ ।। (२६)

(२) आगगे आच्छअ वाहिरे आच्छअ । पइ देक्खअ पडवेसी पुच्छअ (६९)

रहस्योक्तियां तो सरह की होनी ही चाहिए, क्योकि वह मूलत रहस्यवादी विचारक है । इनके श्लेष परमपद-परक होने पर भी साधारण कामुकता को भी प्रकट करते है, जिसके कारण पीछे वह घोर वामाचार के सहायक वन गये । उनका निम्न गीत वहुत सुन्दर है, भाव मे और काव्य-गुण मे भी—

ऊँचा-ऊँचा पावत तहि वसइ सवरी वाली ।
मोरङ्गी पिच्छि प(हि)रहि सवरी गीवत गुजरी माला ।
ऊमत सवरो पागल सवरो, मा कर गुली-गुहाडा ।
तोहारि णिअ घरिणी सहज सुन्दरी ।ध्र.।

णाणा तरुवर मौलिल रे, गअणत लागेलि डाली ।
एकली सबरी ए वन हिण्डइ, कर्णकुडल वज्रधारी ।
तिअ धाउ खाट पडिला सबरो, महासुह सेज्जि छाइली ।
सबरो भुजग णइरामणि दारी, पेक्ख (त) राति पोहाइली ।
हिए ताबोला महासुहे कापुर खाई ।
सून निरामणि कण्ठे लइआ महासुहे राति पोहाई ।
गुरु वाक पुंछआ बिन्ध णिअ मणे वाणे ।
एके शर-सन्धाने बिन्धह, बिन्धह परम णिवाणे ।
उमत सबरो गरुआ रोषे,
गिरिवर सिहर सन्धि पइसन्ते, सबरो लोडिब कइसें ।

ऊँचे-ऊँचे पर्वत पर शबर-बालिका बैठी है, जिसके सिर पर मोर-पाँख और ग्रीवा मे गुंजा की माला है । उसका प्रिय शबर प्रेम मे उन्मत्त पागल है । "ओ शबर, तू हल्ला-गुल्ला मत कर। तेरी अपनी (निज) गृहिणी सहज सुन्दरी है । उस पर्वत पर नाना प्रकार के तरुवर फूले हुए हैं, जिनकी डालियाँ गगन से लगी हुई है । कान मे कुंडल-वज्र धारे शबरी अकेली इस वन मे घूम रही है । दौडकर खाट पर महासुख-सेज पर शबर पड गया। शबर भुजग (विट) और नैरात्म्य (शून्यता) वैश्या (दारी) को देखते रात बीत गई । हृदय ताबूल को महासुख-रूपी कपूर (के साथ) खा, शून्य नैरात्मा को कठे लगा महासुख मे रात बीत गई । गुरु-वचन पूछकर निज मन-रूपी बाण से बेध—एक ही शर-सन्धान से बेध-बेध परम निर्वाण को।

इसके अधिक भाग मे शबरी बालिका उसके तरुण प्रेमी शबर तथा उनके मनोहर पर्वत-वन-निवास का सुन्दर और स्वाभाविक वर्णन है । यदि कुछ विशेष साकेतिक शब्दो पर ध्यान न दिया जाय, तो यह एक शृगारी कविता है। हरेक पाठक उन साकेतिक शब्दो की ओर ध्यान देने के लिए मजबूर भी नही है। यहाँ शबरी से सन्तो और सरह के यहाँ भी सुरति (तल्लीनता) अभिप्रेत है । उसका प्रेमी शबर साधक है। वुद्ध के मुख्य सिद्धान्त—जो है, वह सब क्षणिक है—के अनुसार जगत् और उसके किसी पदार्थ के अन्तस्तल मे भी कोई नित्य पदार्थ—आत्मा या ब्रह्म—निहित नही है। सभी आत्म-रहित निरात्मा या नैरात्म्य, नइ-रामणि है । उसी नैरात्म्य तत्त्व-शून्यता को साक्षात् करना है। उसी

'णडरामणि दारी' का भुजग हरेक साधक विलासी को बनना है। उसका साक्षात्कार महासुख की अनुभूति है, जिसे योगी ध्यानमग्न हो प्राप्त करता है ।

§३. सरह के विचार

१ धर्म

सरह विद्रोही थे। राजनीतिक विद्रोही नही, विचारो की दुनिया के विद्रोही और कितने ही अगो मे सामाजिक विद्रोही भी । उन्होने अपने 'दोहाकोश-चर्यागीति' के पहिले १२ दोहो मे अपने समय के धार्मिक सप्रदायों और उनक विचारो का खडन किया है । "यदि नग्न रहने से मुक्ति हो, तो कुत्ते और सियार भी मुक्त हो जायँगे। मोर-पख ग्रहण करने मे यदि मोक्ष हो, तो मोर और चमर भी मुक्त हो जायँगे। शिला चुगकर खाने मे यदि ज्ञान हो जाये, तो करि और तुरग भी ज्ञानी हो जायेगे । इन्ही भावो को और करीब-करीब सरह के शब्दो मे ही, छ शताब्दियो बाद कबीर ने कहा—

का नागे का बाधे चाम । जौ नहि चीन्हसि आतम राम ।
नागे फिरे जोग जे होई । बनका मृग मुकति गया कोई ।
मुड-मुडाये जौ सिधि होई । स्वर्गहि भीड न पहुँची कोई ।
(कबीर-ग्रथावली, पृष्ठ १३०)

अपने समय के कितने ही मूढ विश्वासो का—जिनमे से बहुतेरे बारह सदियो बाद आज भी उसी तरह प्रबल है—खडन सरह ने जैसे किया है, उसके नमूने लीजिए—

मत्र-तत्र खडन—
किन्तहि दीपे कि णवेज्जे । किन्तइ किज्जइ मन्तह भावे । (१२)
मन्त ण तन्त ण धेअ ण धारण। सव्ववि रे वढ, विब्भमकारण। (३४)

शास्त्र को सरह ने मरुस्थल कहा है, जिसकी भूल-भूलैया मे पडकर आदमी निकल नही सकता—

गुरु-वअण-अमिअ-रस, धवहि ण पिविअउ जेहि ।
बहुसत्तत्थ-मरुस्थलेहि, तिसिअ मरिव्वो तेहि ।। (४४)

और पडितो की खबर लेते कहते है—

पडिअ सअल सत्थ वक्खाणअ। देहहि बुद्ध वसन्त ण जाणअ। (७४)

छूत-छात और भक्षाभक्षय के कठोर नियमों की निस्सारता बतलाते कहते है।

जइ चण्डाल-घरे भुंजइ, तअवि ण लग्गई लेउ। (११२)

(१) साधु होना बेकार

घरहि म थक्कु म जाहि वणे, जहि तहि मण परिआण।
सअलु णिरन्तर बोहि–ठिअ, कहि भव कहि णिब्बाण।
णउ धरे णउ वणे बोहि ठिउ, एहु परिआणहु भेउ।
णिम्मल चित्त-सहावता, करहु अविकल सेउ। (बाग० १०३, १०४)

घर मे न रहो न वन मे, सब जगह तो निरन्तर बोधि (परमज्ञान) स्थित है, फिर कहाँ भव (ससार) और कहाँ निर्वाण ? न घर मे बोधि (परमज्ञान) है न वन मे। इस भेद को अच्छी तरह समझ लो। चित्त का निर्मल होना असली बात है, उसका बराबर सेवन करो।

इन्द्रिय-संयम के सरह पक्षपाती है, पर उसके चरम रूप को नही पसन्द करते। उन्होने कहा है—

विसआसत्ति म बन्ध करु, अरे बढ सरहे वुत्त।
मीण-पअडगम करि भमर, पेक्खह हरिणह जुत्त। (वाग० ७१)

रस-रूप-स्पर्श-गध-शब्द के लोभ मे पडकर मीन, पतग, भ्रमर, हाथी, और हरिन नष्ट होते है, इस प्रसिद्ध उपमा को देकर वह सयम का पाठ पढाते है।

(२) सहज जीवन

सरह की सबसे बडी देन जो है, वह है, सहज या नैसर्गिक जीवन पर जोर देना। सहजवाद के वह प्रथम आचार्य है, इसलिए उनके पन्थ को सहजयान भी कहते है। यह उल्लेखनीय बात है, कि अन्य कितनी बातो की तरह यह वाद कबीर के पास भी पहुँचा, यद्यपि तब कबीर के जन्म-देश मे एक भी बौद्ध या सहजयानी नही रह गया था। कबीर कहते है—

अब मै पाइबो रे पाइबो ब्रह्मगियान।
सहज समाधे सुख मे रहिबो, कोटि कलप विश्राम।

—कबीर-ग्रंथावली, पृष्ठ ८९

कबीर साहब चौरासी सिद्ध शब्द से अपरिचित नही थे। उन्होने कहा है—

धरती अरु असमान बिचि, दोइ तूंबड़ा अबध।
षट दरसन संसै पड्या, अरु चौरासी सिद्ध ।। ५३६

वही, पृष्ठ ५४

पर उन्हे नही मालूम था, कि चौरासी सिद्धो मे प्रथम सरहपा थे, जिनके बीसियो भावो को कबीर ने ले लिया है। सरह कहते हैं—

झाण-हीण पव्वज्जे रहिअउ। गही वसन्ते भाज्जे सहिअउ ।। (१८)

ऐसे ध्यान और साधुवेष से रहित भार्या-सहित घर मे रहते ज्ञानी कबीर स्वयं थे।

सरह फिर कहते हैं—

खाअन्ते पीवन्ते सुरअ रमन्तें। आलिउल बहलहो चक्क फरन्ते ।।
एवहि सिद्धि जाइ परलोकह। माथे पाअ देइ भुअलोक (४८)

सहज-जीवनका निर्देश करते वह कहते है—

देक्खउ सुणउ पईसउ साद्दउ। जिग्घउ भमउ बईसउ उट्ठउ ।।
आलमाल ववहारें वोल्लउ। मण च्छड्डु एकाआरे म्म चलउ ।।
चिन्ताचित्तवि परिहरहु, तिम अच्छहु जिम बाल ।। (६३,६४)

स्पष्ट है, कि सरह जीवन के भोगो को त्याज्य नही मानते। हाँ उनमे आसक्ति त्याज्य है। उपनिषद् के मन्त्रो ने उनसे डेढ़ हजार वर्ष पहिले ज्ञानी को 'बाल्येन तिष्ठासेद्' का उपदेश दिया था। सरह भी कहते है, 'वैसे रहो जैसे बालक रहना है'। आसक्ति और छल-पाखंड के जीवन के वह विरोधी थे। इसे उन्होने आजकल के कितने ही महात्माओ की तरह दूकान चलाने के लिए नही इस्तेमाल किया, बल्कि वह स्वयं वैसा जीवन बिताते थे। उनके साथ शर बनानेवाले की कन्या रहती थी, यह पहिले बतला आये है। भिक्षुओ के चीवर के साथ उनके नियमो का उन्होने प्रत्याख्यान कर दिया था। उनका कहना था—

विसअ रमन्त ण विसअहि लिप्पइ। उअअ हरन्त ण पाणी च्छुप्पइ। (७१)

विषयो मे रमण करते विषयो में लिप्त न हो। पानी निकालते हुए पानी को न छूये।

जह जग पूरिअ सहजाणन्दे। णाच्चहु गाअहु विलसहु चगे ।। (१३६)

जगत् सहज आनन्द से भरा हुआ है। नाचो, गाओ, अच्छी तरह विलास करो।

आज के लिए भी सरह के ये विचार विद्रोही मालूम होगे, फिर आज से बारह सौ वर्ष पहिले के आचार और निवृत्ति-प्रधान भारतीय भद्र समाज के लिए यह कितनी कडवी घूँट साबित हुई होगी, इसे अच्छी तरह समझा जा सकता है।

२ योग (समाधि)

आज भी योग-ध्यान के पीछे लोग पागल दीखते है। सरह के समय भी—

'झाणे मोहिअ सअलवि लोअ।' (ध्यान पर सभी लोग मोहित) थे। सरह स्वय योगी नही योगीश्वर थे। उन्होने ध्यान-समाधि का बहुत अभ्यास किया था, और उसके सबध मे फैले हुए भ्रमो को जानते थे। उन्होने मूढ योगियो के योग को काष्टयोग कहते सावधान किया है—

"पवण धरिअ अप्पाण म भिन्दह। कट्ठ जोइ णासग्ग म बदह॥" (९३) श्वास रोककर या नासाग्र मे चित्त को लगाकर योगी चमत्कार दिखलाता है। पर, चित्त की एकाग्रता से आदमी ऐसी चीजो को भी देखने लगता है, जो उसके चित्त की सृष्टि है? इस प्रकार वह आत्म और पर-वचना करता है। चित्त, मन और विज्ञान बौद्ध परिभापा मे एक ही चीज के नाम है। चित्त की अपार शक्ति को सरह मानते थे और उसके स्वरूप को समझ लेना परम पुरुषार्थ मानते थे। चित्त के सबध मे उन्होने कहा है—

चित्तेक सअल बीअ भव-णिब्बाणा जम्म विफुरन्ति।
त चिन्तामणिरुअ, पणमह इच्छाफल देइ। (२३)

ससार और उसका निरोध निर्वाण दोनो चित्त से ही स्फुरित होते है। चित्त सबका बीज है। वह चिन्तामणि-रूप है। उसकी सेवा करो, वह इच्छा फल प्रदान करेगा।

मन या चित्त को मुक्त करना ही परम कर्तव्य है—

वज्झइ कम्मेण जणो, कम्म-विमुक्केण होइ मण मुक्को।
मण-मोक्खेण अणुअर, पाविज्जइ परमणिव्वाण॥ (२४)

आदमी कर्म से बधन मे पडता है। कर्म से मुक्त होने पर मन मुक्त

हो जाता है, और फिर तुरन्त ही परमनिर्वाण पा जाता है। फिर कहते हैं—

चित्ते वद्धे वज्झइ मुक्के मुक्कइ णत्थि सन्देहो। (९१)

जबर्दस्ती चित्त को काबू मे नही रखा जा सकता।

एहु णिअ मण तुरग सुचचल। मेलहि सहाव ट्ठाअ दो-णिम्मल॥ (९८)

इस चचल तुरग-मन को उसके स्वभाव पर छोड़ देने मे वह निर्मल हो स्थिर हो जाता है।

चित्तहि चित्त जइ लक्खण जाइ। चचल मण पवण थिर होइ (जाइ)॥
(१२०)

सरह ने अपने योग और आचार का अत्यन्त सक्षेप करते करुणा और शून्यता (नैरात्म्य, नैरामणि) पर जोर दिया है। यह दोनो वस्तुएँ अलग-अलग नही अभ्यास मे लाई जा सकती। दोनो एक-दूसरे मे घनिष्ठतया सवद्ध (युगनद्ध) होनी चाहिए, तभी वह कार्यकर होती हैं।

करुणारहिअ जो सुग्गणि लग्गा। णउ सो प वई उत्तिम मग्गा॥ (१६)
अहवा केवल करुणा साहअ। (जम्मसहस्सहि मोक्ख ण पावअ)
जइ पुण वेण्णवि जोडण मक्कअ। णउ भव णउ णिव्वाणे थाक्कअ॥ (१६, १७)
सुण्ण तरुवर फुल्लिअउ, करुणा विविह विचित्त॥
अण्णा भोअ परन्त फलु, एहु सोक्ख परु चित्त॥ (वाग० १०८)

सरहपाद अद्वय तत्त्वशून्यता के अभ्यासी थे साथ ही सबके ऊपर अपार करुणा रखनेवाले थे। हिन्दी के आधुनिक सरह निराला सहज योगी है, शून्यता और नैरात्मा के वाद मे उन्हे कोई मतलब नही, पर उनमे भी अपार करुणा है। किसी को दुखी देखना उनकी सहन-शक्ति से बाहर की बात है। जाडो मे अपने चाहे ठिठुरते रह जाय, पर दूसरे को देख वह अपनी रजाई उसे उढा आयेगे। ऐसे वेबसी के जीवन को सरह पसन्द नही करते, जिसमे किसी दुखिया की सहायता न की जा सके। वह कहते हैं—

जो अत्थीअण ठीअउ, सो जइ जाइ णिरास।
खण्डसरावें भिक्ख वरु, च्छ(ा)डहु ए गिहवास॥
परउआर ण कीअउ, अत्थि ण दीअउ दाण।
एहु ससारे कवण फलु, वरु छड्डहु अप्पाण। (वाग० १११, ११२)

यदि अर्थी जन निराश चला गया, तो ऐसे गृहवास से टूटा मृत्पात्र ले भीख माँगना अच्छा। दान और पर-उपकार के विना इस ससार मे रहने का क्या फल ? इससे तो जीवन छोड देना बेहतर है।

(१) अपने पराये का भेद छोड़ना

जाव ण अप्पउ पर परिआणसि। ताव कि देहाणुत्तुर पावसि। (६७) आत्म और पर का भेद मिटाना साधक का परम कर्त्तव्य है।

(२) सहज योग

ऋद्धि सिद्धि का लोभ छोड सहज भावना कल्याणकारिणी है।

सहजे सहज वि बुज्झइ जब्बे। अन्तराल गइ तुट्टइ तब्बे।
रिद्धि-सिद्धि हले वेण्णि न काज्ज। पाप-पुण्य तहि पाडहु वाज्ज॥ (८२, ८३)

जगतको 'जगु सहावे सुद्ध' (१०१) मानते, कहते थे—

जग उपपाअणे दुक्ख बहु, उप्पण्णउ तहि सुह-सार। (१०३)

जग मे उत्पन्न होने से यदि दु ख बहुत है, तो सुख का सार भी वही है। जग को सहजानन्द से पूरित बतला उन्होने कहा—नाचो, गाओ, विलसो (१३६) और यह भी कि—

मुक्कउ चितगेएन्द करु, एत्थ विअप्प ण पुच्छ।
गअण गिरि णइ-जल पिअउ, तहि तड वसउ सइच्छ। (बाग १००)

चित्त-रूपी गजेन्द्र को मुक्त कर दो। इसमे पूछ-पाछ न करो। गगन (शून्य)-रूपी गिरि नदी के जल को पीके उसके तट पर उसे स्वच्छन्द बैठने दो।

ऋजुमार्ग यही सहज मार्ग है, जिसमे जीवन को अपने नैसर्गिक रूप मे बिताना पडता है।

उजु रे उजु छाड्डि मा लेहु रे वक। णिअहि वोहि मा जाहु रे लाङक॥
वाम दाहिण जो खाल-बिखाला। सरह भणइ बपा उजु वाट भाइला॥
—'बौद्ध गान ओ दोहा' (पृष्ठ ४८)

सरह अपने मार्ग को दोनो चरम-पथ से भिन्न मध्य का वतलाते है। सहज शब्द उन्होने बुद्ध की मध्यमा प्रतिपद् के लिए ही इस्तेमाल किया है, हाँ, उससे कुछ अन्तर रखते।

(३) चन्द्र-सूर्य-साधना

सन्तो के भावना-मार्ग मे चन्द्र-सूर्य या इडा-पिंगला की साधना आती है। सरह मे पहिले की योग-क्रियाओ मे इसका जिक्र नही आता, संभवत यह सरह की ही सूझ और अभ्यास के परिणाम है। वह कहते थे—

चन्द-सुज्ज घसि घालइ घोट्टइ। सो आणुत्तर एत्थु पइट्ठइ ॥ (३५)
अध-उद्ध मागवरे पइसरेइ। चन्द सुज्ज वेइ पड़िहरेइ ॥
वञ्चिज्जइ कालहुतणअ गइ। वे विआर समरस करेइ ॥ (५७)

चन्द्र और सूर्य भावना-रश्रो को वह वाधक समझते है। उन दोनो को छोड़-ऊपर अनुत्तर सर्वोत्तम मार्ग पर पहुँचना है। सरह की बताई इस भावना के अभ्यास करनेवाले योगी तिब्बत मे आज भी मौजूद है। हमारे आज के भारत मे सरह का नाम हाल मे ही कुछ सुनाई पड़ने लगा है, पर तिब्बत मे वह आज भी अतिपरिचित और पूज्य मार्गदर्शक है।

२ दर्शन (प्रज्ञा)

सरह का यान सहजयान या वज्रयान महायान का आगे क विकास है—जहाँ तक कि उसके दर्शन का संबंध है। इसलिए, असंग के योगाचार और नागार्जुन के माध्यमिक (शून्यवाद) से उसका संबंध होना स्वाभाविक है। शून्यता—सभी भौतिक अभौतिक पदार्थों का किसी भी नित्य सार से रहित होना—को उन्होंने अपनी योग-भावना का पर्याय माना है। करुणा तथा शून्यता भावना के युगनद्ध रूप मे ही परम पुरुषार्थ की प्राप्ति मानी है। योगाचार (क्षणिक विज्ञानवाद)-दर्शन का आलय-विज्ञान मूल तत्त्व है। वैभाषिक, सौत्रान्तिक दोनों हीनयानी बौद्ध-दर्शन द्वैतवादी है। वैभाषिक या सर्वास्तिवादी (और स्थविरवादी भी) रूप (भूत) और विज्ञान (चेतना) दोनो तत्त्वो को मानते है। सौत्रान्तिक बाह्य पदार्थ (रूप) पर अधिक जोर देते हुए भी विज्ञान का अपलाप नही करते, इस लिए दोनो ही द्वैतवादी है। माध्यमिक अन्तर और बाह्य सभी पदार्थो को सार (नित्यतत्त्व)-शून्य मानते है, और एक कदम और आगे बढ़कर रूप और विज्ञान के अस्तित्व के परस्पर सापेक्ष होने से उनके स्वतन्त्र अस्तित्व को क्षणिक भी मानने के लिए तैयार नहीं है, इसलिए उन्हे न द्वैतवादी कहा

जा सकता, न अद्वैती ही। योगाचार एक ही विज्ञान (चेतना) तत्त्व के वास्तविक होने को स्वीकार करते है, हाँ, वह नित्य नही बल्कि क्षणिक प्रवाह रूपेण सनातन है। इस प्रकार वह अद्वैतवादी है। सरह स्वयं अद्वैत तत्त्व की महिमा गाते है, इससे मालूम होता है, कि उनका झुकाव योगाचार-दर्शन की ओर अधिक है। मायावादियों के घटाकाश और महाकाश की तरह योगाचार-दर्शन भी विज्ञान को वैयक्तिक विज्ञान और महाविज्ञान के रूप मे विभाजित करता है। वैयक्तिक विज्ञान को वह प्रवृत्ति-विज्ञान कहते है, तथा महाविज्ञान को आलय-विज्ञान। विश्व के सभी दृश्यादृश्य पदार्थ जिसके परिणाम है, वह सर्वत्र-व्यापी अ-भौतिक तत्व आलय-विज्ञान है। वह समुद्र की तरह है, जो अपने क्षणिकता के स्वभाव के कारण हर वक्त तरगित रहता है। यही तरगे प्रवृत्ति-विज्ञान है, जिन्हे रूप या अरूप स्थिति मे हम देखते या प्रत्यक्ष करते है। योगाचार-दर्शन के प्रवर्तक असग के अनुज वसुबन्धु ने "वीची-तरग-न्यायेन तदुत्पत्तिः" भी आलय-विज्ञान से कही है। सरह कहते है—

"आलअ तरु उमलइ, हिण्डइ जग च्छाच्छन्द।" (१३५)

वसुबन्धु ने आलय-विज्ञान को समुद्र बतलाया और सरह ने उसे स्वच्छन्द हिलने-डोलनेवाला तरुवर। स्वच्छन्द विशेषण उन्होने यों ही नही दिया है, उससे उनका अभिप्राय है, आलय या ससार के मूल तत्त्व को चालित करनेवाली कोई दूसरी शक्ति (ईश्वर) नही है, बल्कि उसकी गति स्वच्छन्द—औटोमेटिक—है। शुरू से आज तक बौद्ध अनीश्वरवादी और अनात्मवादी है, यह सभी जानते है।

(१) मूल तत्त्व

मूल तत्त्व आलय-विज्ञान को योगाचार-दर्शन की तरह ही सरह मानते है। पर, वह उसे एक रहस्यमय रूप देना चाहते है, जिसमें निर्वाण-तत्त्व की पुरानी कल्पना सहायक हुई है। कर्म के बन्धन से छूटा मुक्त मन निर्वाण-प्राप्त माना जाता है। निर्वाण मन की ऐसी स्थिति है, जिसमे वह भव (ससार)-बन्धन—कर्मपाश—से छूट गया रहता है। इसी निर्वाण की स्थिति को वह और रहस्यमय बनाते है। तत्त्व या वास्तविकता उनके यहाँ मूल-रहित है—

मूल-रहिअ जो चिन्तइ तात्त। गुरु आएसह एत्त वियात्त॥ (२८)

इसीको दूसरे शब्दो में कहा—

सुण्णवि अप्पा सुण्ण जगु, घरे-घरे एहु अक्खाण ।
तरुवर-मूल ण जाणिआ, सरहेंहि किअ वक्खाण ।। (५९)

शून्य और आलय दोनों के प्रतिपादन करनेवाले सरह योगाचार-माध्यमिक ही हो सकते है, जिनमे उनका अधिक जोर शून्य-निरंजन पर है, यह हम आगे देखेगे ।

(२) माया

परमपद को उन्होंने मायामय बतलाया है, जिससे माया उनके सामने सुतुच्छ नही मालूम होती ।

वुद्धि विणासइ मण मरइ, तुट्टइ जह अहिमाण ।
सो माआमअ परमपउ, तहि कि वज्जइ झाण ।। (६१)

वुद्धि-मन की पहुंच से वाहर वह परमपद मायामय है ।

(३) भाव या अभाव नही

भावाभावे वेण्णि न काज्ज । अन्तराल ट्ठिअ पाडहु वाज्ज ।

तत्त्व को न सद् कह सकते है, न सत्तारहित । वीच की स्थिति भी वह छोड डालने को कहते है । और भी—

भावाभावे जो परिच्छिण्णउ । त(हिं) जगतिअ सहाव विलीणउ । (६६)

परिच्छिन्न की जगह 'परिहीण' पाठ ठीक जान पड़ता है। भाव और अभाव से जो परिहीन या परिच्छिन्न है, उसी तत्त्व मे सारी दुनिया विलीन है ।

भव (ससार) और निर्वाण को एक वतला सरह ने निर्वाण के आकर्षण को कम कर ऐहिक जीवन के मूल्य को वढाया, इसीलिए भोगो को त्याज्य नही, ग्राह्य ठहराया तथा जगत् को सहजानन्द-पूरित मानने पर जोर दिया—'भव-णिव्वाणे किम्पि ण दूरा' (१६१) अथवा 'मुक्कावधि जे सअल जगु, णाहि णिवद्धो कोवि' (८०) । वधन का भय दिखला आतंकित कर निर्वाण के पीछे पागल करने की जो प्रवृत्ति धर्मनायको में देखी जाती थी उसकी व्यर्थता को वतलाकर सरह ने लोगो को निडर करना चाहा। न जगत् को, न देह को उन्होंने गन्दा कहा, वल्कि ऐसे विचारों का विरोध करते कहा—"जगु सहावहि सुद्ध" (१०१) और—

एथु से सरसइ सोबणाह, एथु से गगासाअरु।
वाराणसि पआग एथु, सो चान्द-दिवाअरु।
खेत्त पिट्ठ उअपिट्ठ एथु, मइ भमिअ समिट्ठउ।
देहा-सरिस तित्थ, मइ सुणउ ण दिट्ठउ ।। (९६ ? ९७)

वह परस्पर-विरोधी बात नही कहते—कभी देह को गन्दगी का पनाला और कभी कुछ दूसरा। उनके विचार मे देह सबसे बडा पवित्र तीर्थ है। इसीके भीतर सरस्वती, सोमनाथ, गगासागर, बनारस, प्रयाग, क्षेत्र, पीठ, उपपीठ है। सरह के समय मे भारत के जो पवित्र तीर्थ थे, उनके नाम यहा गिनाये गये है। सोमनाथ को अभी महमूद गजनवी ने नष्ट-भ्रष्ट नही किया था, और वह एक प्रमुख तीर्थ था। पीछे चार धामो की महिमा बढी, जिन मे से सोमनाथ को निकाल दिया गया—महमूद के प्रहार का यहाँ तक प्रभाव पडा।

(४) मुक्ति और परमपद

मुक्ति सरह की दृष्टि मे स्वत सिद्ध वस्तु है। शकराचार्य ने भी परमार्थ मे यही माना है, क्योकि जीव की कल्पना मिथ्या है, परमार्थ मे एक-मात्र ब्रह्म ही सत्य है। सरह ने ब्रह्म या किसी सनातन एकरस तत्त्व को नही माना, न जगत् क भोगो को झूठा और त्याज्य कहा। जगत् की क्षणिक, किन्तु मूल्यवान् स्थिति को स्वीकार करते उन्होने जगत् के महत्त्व को कहा और नकद को छोड उधार या प्रत्यक्ष को छोड परोक्ष के पीछे दौडने को मूर्खता बतलाया। उनकी दृष्टि मे परमपद मन की एक विशेष अवस्था है—

जहि मण मरइ, पवणहो तहि लअ जाइ।
एहु सो परम महासुह, सरह कहिहउ जाइ। (३०)

मन की शकायुक्त स्थिति हट जाने पर उसकी चचलताओ के मिट जाने पर परम महासुख की स्थिति आती है। उस स्थिति को और स्पष्ट करते कहते है —

जहिं मण पवण ण सचरइ, रवि-ससि णाहि पवेस।
तहिं वढ चित्त विसाम कर, सरहे कहिअ उएेस ।। (४९)
आइ ण अन्त ण मज्झ तहि, णउ भव णउ णिव्वाण।
एहु सो परम महासुह, णउ पर णउ अप्पाण ।। (५१)

अग्गें पच्छें दस दिसे, जं जं जोअमि सोवि। (५२)

परमपद—परम महासुख आदि-अन्त-मध्य-रहित है। न उसे ससार कहा जा सकता, न निर्वाण। उसमे अपना और पर का भेद नही। आगे-पीछे दसो दिशाओं मे जहाँ देखें, वही-वही है। इस वर्णन मे शकर-वेदान्त में प्रतिपादित मोक्ष का आभास मिलता है। यद्यपि सरह शकर के सम-सामयिक है, पर उनका अद्वैतवाद नागार्जुन (ईसवी दूसरी सदी) और असग (ई० चौथी सदी) से चला आता था। सरह से दो-तीन सदियों पहिले हुए गौडपाद बौद्ध विचारो से प्रभावित हैं। गौडपाद शकर के गुरु गोविन्दपाद के गुरु वतलाये जाते है, पर गौडपाद कारिका के सुयोग्य संपादक महामहोपाध्याय श्री विधुशेखर भट्टाचार्य ने इसे अमान्य ठहराते गौडपाद को शकर स दो शताब्दी पहिले का माना है। एक ही स्रोत से निकलें सरह और शकर के निर्वाण-मोक्ष मे इतनी समानता स्वाभाविक है।

(५) शून्य-निरंजन

परमपद को सरह ने पहिले-पहल लोकभाषा मे शून्य निरजन कहा। वह शून्यवाद के माननेवाले थे, इसलिए उनका ऐसा कहना ठीक था आश्चर्य तो यह है, कि पीछे के सन्त शून्यवाद से विल्कुल अपरिचित थे, तो भी सरह का घुमाया धर्मचक्र इतना प्रवल था, कि सन्त लोग उसके प्रवाह में वहे विना नही रहे। सरह ने कहा—

सुण्ण णिरजण परमपउ, सुइणो (अ) माअ सहाव।
भावहु चित्त-सहावता, णउ णासिज्जइ जाव॥ (१३८)

परमपद शून्य और निरजन है—उपनिषद् ने भी 'निरजनं परमसाम्यमुपैति' से ब्रह्म (परमपद) का निरजन होना स्वीकार किया है। सरह ने उसे स्वप्नोपम स्वभाव का माना है, जव कि ब्रह्मवादी उसे वैसा नही मानते। मन की चँचलता जवतक नष्ट न हो जाये, तवतक चित्त के इस स्वभाव की भावना करने को कहा, और वतलाया।

अक्खर-वण्ण-विवज्जिअ, णउ सो विन्दु ण चित्त।
एहु सो परम महासुह, णउ फेडिय णउ खित्त॥ (१४१)

चित्त (नाद) और विन्दु से जो नही है, जो अक्षर-वर्ण-विवर्जित है, वह परम महासुख है, जो न त्याज्य है, न ग्राह्य। परमपद के समझाने के

लिए सरह ने बहुत कहा है, पर उसका समझना अपार श्रद्धा रखनेवाले व्यक्ति के लिए ही साध्य है। सौभाग्य से ऐसे श्रद्धालुओ से हमारी भारत-मही विहीन नही है।

(६) सरह की अंतिम विचार-परंपरा

सरह के अनुयायी आज भी तिब्बत में भारी सख्या मे मौजूद है। सन्तो ने बहुत-सी सरह की बाते ले ली है, यह भी सत्य है। इसलिए, कहा जा सकता है, कि सरह की परम्परा भारत से अब भी उच्छिन्न नही हुई है। पर, जो अपने आद्य-मार्गदर्शक का नाम भी नही जानते, उन्हे सरह का अनुयायी कैसे कहा जा सकता है? सरह के वश मे ८४ सिद्ध हुए, यह हम बतला आये है। अन्तिम सिद्ध कालपा (२७) और कुठा-लिपा (४४) ग्यारहवी सदी के पूर्वार्द्ध मे हुए। इसका अर्थ यही हुआ, कि चौरासी की सख्या कालपा पर पूरी हो जाने से आगे सूची वन्द कर दी गई। सिद्ध बाद मे भी होते रहे, यह काशि-कन्नौज के स्वामी गहड्वार जयचन्द्र के गुरु जगन्मित्रानन्द के होने से सिद्ध है। भारत से बौद्धधर्म—जो कम-से-कम विचारो मे सरहका अनुसरण करता था—जिस समय नष्ट होने जा रहा था, उस समय भी सिद्धो की तरह के लोक-कवि होते थे। विनयश्री का नाम हम पहिले ले चुके है। वह विक्रमशिला, जगत्तला के तुर्कों द्वारा नष्ट कर दिये जाने पर अपने गुरु तथा भारत के सघराज शाक्यश्रीभद्र के साथ १२०३ ई० मे तिव्वत पहुँचे। यदि शेप जीवन वही नही रहे, तो कितने ही वर्षो तक वह वहाँ जरूर रहे। उन्होने कितने ही भारतीय ग्रथो के तिव्वती भाषा मे अनुवाद करने मे सहायता की। वह अपने साथियो और गुरुभाइयो—विभूतिचन्द्र, दानशील, सुगतश्री आदि—के साथ कितने ही वर्षों तक स स्क्य विहार मे रहे, जहाँ उनके हाथ के लिखे कितन ही पन्ने लेखक को मिले। सुगतश्री ने अपने आश्रयदाता ग्रग्स्. प ग्र्यज् म्छन् (कीर्तिध्वज) की श्लोको मे स्तुति की थी, जिसकी मूल सस्कृत प्रति वहाँ मुझे मिली। विभूतिचन्द्र और दानशील की पोथियो की तरह वही विनयश्री के कितने ही गीतो को—जो उनके ही हाथो से लिखे गये मालूम होते है—पाया। यह गीत इसीलिए अपना महत्त्व नही रखते, कि यह सिद्धो की टक्साल के है, वल्कि इनकी भाषा वही मालूम होती है, जो १२ वी-

१२वी सदी मे विक्रमशिलावाले प्रदेश (भागलपुर जिले) मे वोली जाती थी। विनयश्री के एक पद मे आया—'गेल्लिअहु' शब्द आज भी वहाँ इसी अर्थ मे प्रयुक्त होता है।

विनयश्री १२०३ ई० मे तिब्वत मे जब पहुँचे, तो उनकी आयु ३५ साल से कम की नही होगी। भारत में रहते ही उन्होने कविता करने का अच्छा अभ्यास कर लिया था। तिब्वत मे पहुँचने पर उनका कोई महत्त्व न था, यह इसीसे मालूम होगा, कि जहाँ सुगतश्री–रचित कीर्त्ति-ध्वज-यशोवर्णन तिब्बती मे अनुवादित हो आज भी 'स्तन् ग्युर्' सग्रह मे मौजूद है, वहाँ विनयश्री के गीत यदि तालपत्र पर लिखे मुझे न मिलने, तो शायद ही वह आज प्रकाश मे आते—पुजारी ने उन्हे काटकर प्रसाद वाँटने के लिए रख छोडा था। गीतो की सख्या १४ से अधिक नही है, जिन्हे परिशिष्ट मे दिया गया है। यह तो निश्चित ही है, कि विनयश्री जैसे प्रौढ कवि ने इतने ही गीत नही वनाये होंगे। सरह की रहस्य-वादी भाषा में वह परमतत्त्व का वर्णन करते है—

निमूल तरुवर डाल न पाती।
निभर फुलिलल पेडु विआती॥
भणइ विनयश्री नोखौ तरुवर। फुल्लेए करुणा फलइ अणुत्तर।
करुणा मोदे सएलवि तोसए। फल-सर्प(र)तएँ से भव नासए॥
से चिन्तामणि जे जइ सवासए। से फल मेलए नहिए सासए।
वरगुरु भत्तिएँ चित्त पवोही। तहि फल लेह अणुत्तर वोही॥३॥
गेल्लिअहु गिरिसिहर रि जाने। तहि झपाविल्लि कलि के अन्ते। ध्रु।
हल कि करमि सहिएँ एकेल्लि। विसरे राउ लेल्लइ पेल्ली।
तहि झपइ टुटेल्लि हेरुअ मेले। विमअ सिलइल्लि मा छाड़िअ हेले।
भणइ विनयश्री वराुरु-वएणे। नाह न मेल्लअ रे गमणे॥४॥

सरह ने तत्त्व को मूल-रहित कहा है, उसी को विनयश्री ने निमूल तरुवर कहा है। करुणा का फूल फूलना और अनुत्तर (सर्वोत्तम निर्वाण) का फल लगाना भी सरह की वातो का ही शब्दान्तर है। गिरिशिखर में गया या गई (गेल्लिअहु) की सरह के गीत 'ऊँचा-ऊँचा पावत' मे छाया मिलती है। सरह या सिद्ध-परपरा के ये पद है, इसे कहने की अवश्यकता

नही है। विनयश्री की भाषा १२वीं सदी के उत्तरार्द्ध की भाषा है, जो अपभ्रंश होते भी अब अधिक आधुनिक भाषा की ओर झुकी थी। सरह की तथा दूसरी भी पुरानी अपभ्रश कृतियों मे भूतकाल के लिए इल प्रत्यय का प्रयोग नही मिलता। जहाँ उसका प्रयोग देखा जाता है, वह पीछे लिखे हस्तलेखो मे लेखको द्वारा किये गये परिवर्त्तन के कारण ही। पर, यहाँ विनयश्री के अपने हस्तलेख में फुल्लिल्ल, गेल्लिअहु, झपाविल्ल-जैसे इल-प्रत्ययान्त शब्द मौजूद है, जिनका इस्तेमाल आज भी भोजपुरी, मगही, मैथिली, बँगला मे प्राय. वैसा ही होता है। पाली के बाद प्राकृत के काल मे व्यजनो का स्वरो मे जो परिवर्त्तन हुआ, वह अपभ्रश-काल मे भी वैसा ही रहा। और तरुवर की जगह तरुअर को ही हम सरह के दोहाकोश की अपनी पुरानी प्रति मे पाते है। पर यहाँ विनयश्री तरुवर लिखकर प्राकृत-अपभ्रंश की चरम विकारवाली व्यजन स्थाने स्वर की परम्परा को छोड तत्सम रूप की ओर लौटते देखते है। शायद यह इस तरह का सबसे पुराना प्रथम उदाहरण है। यही नही, अपने नाम मे कवि इस बात का और भी अनुसरण करता है। प्राकृत-अपभ्रश के नियम के अनुसार उसे अपना नाम विनअसिरि लिखना चाहिए था, पर वह उसकी जगह शुद्ध तत्सम-रूप विनयश्री को इस्तेमाल करता है। सभी गीतो मे विनयश्री ही लिखा गया है, इसलिए यह जान-बूझकर किया गया है। परन्तु, सभी जगह सस्कृत-तत्सम या पालि-तत्सम (जिसमे भी व्यञ्जन स्थाने स्वर नही होता) का प्रयोग नही किया गया है, जिससे पता लगता है, अभी बारहवी सदी के उत्तरार्द्ध मे इस प्रवृत्ति का आरभ ही हुआ था।

§४. सरह की भाषा

शब्द-कोश-व्याकरण

दोहाकोश की भाषा मे लिपिको ने समयानुसार सुधार करने की कोशिश की। इसके कारण भिन्न-भिन्न हस्तलेखो मे अन्तर आता गया। यह हमे डाक्टर बागची-सपादित दोहाकोश और हमारे इस स.सक्य के हस्तलेख के मिलाने से मालूम होगा। वैसे जान पडता है, तत्कालीन अपभ्रश मे

देश-भेद से शायद ही कही अन्तर आता था। दोहाकोश में व्याकरण के सारे प्रयोग नही आये हैं।

१ उच्चारण-प्रक्रिया

(१) वर्णमाला

उस समय की भाषा की वर्णमाला मे हमारी आज की वर्णमाला के कुछ अक्षर नही थे, साथ ही कुछ उच्चारणो के लिए हमारी नागरी मे आज अक्षर मौजूद नही हैं। स्वरो मे ऋ, लृ, ऐ, औ का अभाव था, और व्यजनो मे श, ष का। उस समय और आज की हमारी भाषा—विशेषकर लोक-भाषा—मे ह्रस्व ए और ह्रस्व ओ थे, पर उसके लिए कोई अक्षर नही थे। द्रविड़ भाषाएँ इस विषय मे ज्यादा सौभाग्यशाली हैं। अपभ्रश मे निम्न स्वरों और व्यजनो का प्रयोग होता था, जिसमें स जान पड़ता है, श का भी काम देता था—

स्वर

अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, अे, ऐ, ओ, ओ, ओ

व्यञ्जन

क ख ग घ ङ। च छ ज झ ञ। ट ठ ड ढ ण।
त थ द ध न। प फ ब भ म। य र ल व स ह।

य का उच्चारण भी ज की तरह किया जाता, और ब तथा व मे भेद नही रक्खा जाता था, जैसा बँगला में आज भी होता है।

ह्रस्व स्वर को भी छन्दोभंग न होने के लिए दीर्घ और दीर्घ को ह्रस्व बोला जा सकता था।

(२) परिवर्त्तन

संस्कृत की तुलना से अपभ्रंश में जिस प्रकार लोप, आगम, विकार होते थे, उन्हें आगे दिया जाता है। लोप-आगम-विकार अपभ्रश और प्राकृत में प्राय. एक-से ही होते है, इसीलिए कितने ही लोग व्याकरण में इनके नवीन-भारतीय आर्य-भाषाओ के वर्ग मे होने पर भी इस प्राकृत-

वाले मध्य-भारतीय आर्य-भाषा-वर्ग में गिनते हैं।

संस्कृत की तुलना में हमारे संस्कृत हस्तलेख के अपभ्रंश में निम्नलिखित भेद मिलते हैं—

(क) लोप—

अ. अहम्> हउं (७५)
इ. इच्छ> चाह (८७)
नि सार> निसार (७२)
त. जगत्> जग (२५)
स्. स्नेह> णेह (८६)

(ख) आगम—

क्. लिख> लिक्ख (१५), एक> एक्क
च् छेद> च्छेअ (७४), च्छुवइ (७१), च्छाडाहु (६७)
ट् ठाकी जगह ट्ठाइ (३१), ट्ठाअ (७४)
ड. चित्त>चित्तडा (७८)
ण्. विहीन>विहून>विहुण्ण (७४), अन्य न>अण्ण ण>अण्ण ण्ण (१४)
ब् ब् एव>एव्ब (३५), मोक्ष-वास>मोक्ख-ब्बास (६०)

(ग) विकार—

अ>आ, अन्तर>आन्तर (१३५)
अन>आण, अनुत्तर>आणुत्तर (३५)
अपि>उ, अद्य अपि>अज्ज अउ>अज्जउ (५८), तद् अपि>तउ
अपि>वि, अन्योपि>अण्यवि (५)
आ>अ, आगमन>अमण (३८)
अव>ओ, लवण>लोण (४६)
अय>ए, अय हि>एहु (५६)
इय>इज्, ईअ, क्रियते कीअइ
ईय>इज्ज, दीय>दिज्ज (७२)

उ>वु, उक्त>वुत्त (१६), उच्यते वुच्चग्र (३८)

ऋ>रि, ऋद्धि>रिद्ध (८३)

एय>इज्ज, विलेय>विलिज्ज (४६)

ओ>उ, नो>णउ (१६)

,,>अव, कोनु>कवणु (१०३)

क>अ, सकल>सअल (२३)

,,>ह खक गु क>सुनह (८५)

का>आ, आकाश>आआस (३३)

का>ऐ, चित्रकर>चित्तएर (८१)

,,>ल, उदक>उअल (७१)

कु>उ, अरिकुल>अरिउल (४५)

कु>अ, कुरु>करु (६४)

क्त>त्त, उक्त>वुत्त (१६), अनुरक्त>अनुरत्त (७३), मुक्त>मुक्क (९१)

क्ष>क्ख, यक्ष>जक्ख (८१), राक्षस>रक्खस (७३), मोक्ष>मोक्ख (८)

क्षे>ख, क्षेपण>खवन, क्षय>खअ (६२)

कद>के, कदली>केलि (१४९)

क्ष>छ, क्षार>छार (३)

क्ति>त्ति, प्रसक्ति>पसत्ति

क्षे>खे, क्षेत्र>खेत्त (९६)

ग>अ, भगवा>भअवा (२) गगने>गअणे (७०)

गृ>घे, गृह्णाति>घेप्पइ (१२३)

गी>ई, योगी>जोइ (७१)

गन>ग्ग नग्न>णग्गल (५), लग्न>लग्ग (१७)

ग्र>ग, ग्रहण>गहण (८)

घृ>घो, घृष्ट>घोट्ट (३५)

घ्र>ग्घ>जिघ्र>जिग्घ (६३)

ख्या>क्खा, व्याख्यान>वक्खाण (११)

ख>ह, मुख>मुह (२०)

च>अ, अनुचर>अणुअर (२४), लोचन>लोअण (३१), वचन>वअण (४४)

क्ष्य>क्ख, उदीक्ष्यते>उअेक्खइ (६२)

चि>इ, अचिन्त>अइन्त (१२१)

च्य>च्च, अवाच्य>अवाच्च (४२), उच्यते>वुच्चअ (३८)

ज>अ, बीज>बीअ (२३), भोजन>भोअण (८) निज>णिअ (१६),

जा>आजाल>आल (८४)

जे> ए, गजेन्द्र> गएन्द (१३२)

जे>उ राजा>राजो>राउ (१२१)

ज्ञ> ण्ण, विज्ञान>विण्णाण (१३१), आज्ञप्त>आणत्त (७६)

ज्ञ>ज, ज्ञान>जाण (८)

ज्ञ>ञ्ञ, प्रज्ञ>पञ्ञ (१०६)

ट>ड, जटा>जड (३)

टि>ड, कोटि>कोडि (१३१)

ट्य>ट्ट, त्रुट्यति>तुट्टइ (६१)

ण>न, कोण>कोन (४)

त>अ, रहित>रहिअ (६), सुरत>सुरअ (४८), रसातल>रसाअल (६०)

उत्पद्य>उअज्ज (६२)

त> ड, पात>पाड (३६),

ति> इ, लाति>लेइ (५३), आनयति >आणेइ (५३), युवती>जुवइ (७)

ति> डि , प्रति>पडि (२६)

तु>उ, चतुर्थ>चउत्थ (१)

तो>उ, ग्राहितो> गाहिउ (४२), कथितो> कहिउ (६७)

तु>उ , सेतु >सेउ (६६)

तृ>ति, तृषित> तिसिअ (४४)

त्त> ण्ण, दत्त> दिण्ण (३७)

त्ति>त्त, उत्तम>उत्तिम (१७)

त्न> अण, रत्न> रअण (८५)

त्प>प्प, उत्पादन>उप्पाअण (१०२)

त्प>अ, उत्पद्य>उअज्ज (६२)

त्प>व, उत्पद्य>उवज्ज (२०)

त्म> प्प, आत्मा>अप्प (६,२८)

त्य>च्च, प्रत्यक्ष>पच्चक्ख (१०६), मृत्यु मिच्चु (१५४), सत्य सच्च (१४)

त्र>त्थ, यत्र>जत्थु (१०४), अत्र>एत्थ (२७,६५), यत्र>जेत्थु (४०),
यत्र>जत्थु (१०४)

,,

त्र> थ, अत्र> एथु (६५)

त्र>त, स्वतन्त्र>स्वतत (११), मंत्र> मत्त (१३)

त्र>ह, तत्र>तह (१३)

त्र>त, त्रय>तइ (१२३)

त्रि>ति, त्रिभुवन>तिहुअण (५०)

त्रु>तु, त्रुट्यति>तुट्टइ (६१)

त्व>त्त, तत्त्व>तत्त (६) तात्त (२८), सत्त्व>सत्त (७३)

,,> तु, त्वं हि>तुहु (१४८)

थ>ह, अथवा>अहवा (१७)? (१६०), कथानक>कहाण (१३१), कथ्य,
कहिज्ज>(६२)

,,>ढ, प्रथम>पढम (३३)

थि>हि, कथि>कहि (६७)

थ्य>च्छ, मिथ्या> मिच्छा (११६)

द>अ, पाद>पाअ (१५), उदक>उअल (७१) खादति >खाअ (६०)
खादत्ति>खाअत्ते (४८)

द>उ, भेद>भेउ (१) परमपद>परमपउ (१३६)

द>व, उद्देश>उवेस (२)

द>व्व, तदा>तव्व (३२) यदा>जव्व

दय>अ, हृदय>हिअ (३६) छेद> छेअ (७४)

द>दि, दत्त>दिण्ण (३७)

दपि>बिम्र, तदपि>तबिम्र (११०)

दि>इ, आदि>आइ (१४६),

दृ>ई, कीदृश>कीस (३७,१२२)

दृ>दि, दृष्टि>दिट्ठि (८) दृढ>दिढ (६४)

दृ>दी, दृष्ट>दीस (३७)

दृ>रि, सदृश>सरिस (९६)

दे> ए, पादे>पाए (३७), आदेश>आएस (२८)

द्ध>ज्झ, सिद्ध>सिज्झ (२०), बुद्ध>बुज्झ (२०), शोद्ध>सोज्झ (५६) बाध्य>बाज्झ (७१), सिद्ध> सिज्झ (१२६)

द्य>ज्ज, वाद्य>बाज्ज (२४), उत्पद>उवज्ज (२०), अद्यपि>अज्जउ (५८), अद्य> अज्ज (६२)

द्वा> दु, द्वा>दुई (७४)

द्व> बे, द्वावपि> बेण्णवि (१७), वेवि (१३१),

द्रि> द्द, शूद्र>सुद्द (९४)

द्र> दि, इन्द्रिय> इन्दी (२९)

ध> ह, साध> साह (९), विविध>विविह (३९)

ध्य> झ, ध्यान> झाण (१९) मध्य> मज्झ (५१)

ध्ये> धे, ध्येय> धेअ (४३)

न> ण, नग्गल> णग्गल (५),

ध> द, निबन्धन> णिबन्दण (१४४)

न्य> ण्ण, अन्यो> अण्णु (१०), शून्य>सुण्ण (१७),

न्म> म्म, जन्म> जम्म (१६)

नि> णि, निश्चल>णिच्चल (३१), निर्वाण> णिव्वाण (१२, १७)

ना> णु, विना> विणु (३६)

प> अ, रूप> रूअ (२३,८१)

प> फ, पाश>फान्द (१३४)

प> इ, स्वप> सुइ (१२४)

प>व, दीप> दीवा (४), अपरें>अवरें (११), प्राप>पावं (१७)
अपर> अवर (४७)
पा> आ, उपाय> उआअ (३२)
पि> इ, कोपि> कोइ (११)
पु> उ, निपुणत्व> णिउत्त (२८)
पृ> पु, पृच्छ> पुच्छ (२६)
" > प, पृष्ठे> पच्छे (५२)
प्य> प्प, लिप्य> लिप्प (७१)
प्त> त्त, आज्ञप्त> आणत्त (७६)
प्न> अण, स्वप्ने> सुअणे (१०६)
प्त> त्त, समाप्तं> समत्त (१०६)
फ> ह
फु> खु, फुसफुसाइ> खुसखुसाइ (४)
ब्भ> द्ध, लब्भ> लद्ध (६०)
ब्र> व, ब्रह्मा> वम्हा (४७)
ब्रा> वा, ब्राह्मण> वाम्हण (६४)
भ> ह, भवन्ति> होन्ति (११२) स्वभाव> सहाव (२६)
भि> हि, अभिमान> अहिमाण (३४), शोभित> सोहिअ (३६)
भु> हु, त्रिभुवन> तिहुअण (५०),
भ्य भिअ, अभ्यन्तरे> अभिअन्तरे (५३)
य> अ, निरय>णिरअ (२२), प्रयाग> पआग (६५) काया>काआ (६)
य> ज, युवति> जुवई (७), महायान> महजाण (१०), यस्य> जसु (१२)
य> इ,
यथा> जिम (११६)
या> आ, माया> माआ (६१)
यो> जोव, (३८)
यं> मं, स्वयं> सम्मं (४०)

य> जे, यत्र> जेत्थु (४०)

र्> ल

र्> ग् , मार्ग> मग्ग (१६)

र्थ> ट्ठ, चतुर्थ> चउट्ठ (११३)

र्ध> द्ध, अर्ध> अद्ध (३१)

र्ध्व> द्ध, उर्ध्व> उद्ध (५७)

र्थ> त्थ, परमार्थ> मरमत्थ (१२), तीर्थ>तित्थ (१४)

र्प> प्प, दर्पण> दाप्पण (८६)

र्य> ज्ज, कार्य> कज्ज (१), सूर्य> सुज्ज (३५)

र्व> ब्ब, निर्वाण> णिब्बाण (१२), १७), सर्व>सव्व (४३),

र्श> न्स, दर्शन> दन्सण (५८)

ल्प> प्प, संकल्प> सकप्प (१००)

व> अ, तरुवर तरुअर (५६)

वि>अ, प्रविष्ट>पअट्ट (३५)

वि> वइ, विश बइस (६३),

,,> इ, प्रविश> पइस (३६)

व्य> ब, व्यवहारे> बवहारे (६३)

श >स, दश>दस (२६), शक्य>सक्क (३२), विशेष>विसेस (४५)

शृ >सु, शृणु > सुणउ (६३)

शृ > सि, शृगाल > सिआल (८५)

श्च > च्च, निश्चल > णिच्चल (३०)

श्च > च्छ, निश्चित > णिच्छिअ (१६)

श्र > स्स, विश्राम > विस्साम (३१)

श्री > सिरि (३७),

श्व > स, महेश्वर > महेसर> महेसुर(५५), आश्वास>असास (१२६)

ष > स, विषय>विसअ (१८), दोष>दोस (३३), विशेष>विशेस (४५)

तुष>तुस (५४)

ष्ट > ट्ठ, दृष्टि < दिट्ठि (३३), प्रविष्ट > पअट्ठ (३५)

ष्ठु > ठु, सुष्ठु > सुठु (१२१)

ष्णु > ट्ठु, विष्णु > विट्ठु (५५)

स > छ, आसन्त > अच्छन्त (४३)

स्त > त्थ, मस्ते > मत्थे (४२) अस्त > अत्थ (६४)

स्त्र > त्त, शास्त्र > सात्त (४४)

स्थ > त्थ, स्थल > त्थल (४४)

" ठ, स्थित > ठिअ (३६)

स्थि > थि, स्थितै- > थियेरि (१४१)

स्न > ह्न, स्ना > ह्नाइ (१३)

स्प > व, निष्पद्य > णिवज्ज (६२)

स्पृ > छु, स्पृशति > छुपइ (७१)

स्म > म्ह, अस्मा > अम्हा (४७)

स्य > सु, यस्य > जसु (१२), तस्य तसु (११)

स्फु > हु, स्फुट > हुड (२७),

स्व > स, स्वरूप > सरुअ (३७)

स्व > सु, स्वप्न > सुअण (१०६), स्वप्न > सुइण (१२४)

स्वप > सिवि, स्वप्न > सिविण (१४४)

हम् > हंउ (७५)

ही > हू, विहीन > विहूण (७४)

हि > हु, त्व हि > तुहु (१४८)

हृ > हि, हृदय > हिअ (३६)

ह्म > म्ह, ब्रह्मा > बम्हा (४७)

ह्य > हिर, बाह्य > बाहिर (६६).

ह्यं > हं, मह्य > मह (३८)

सुवन्त और तिडन्त प्रत्यय अपभ्रंश को आज की भाषाओ की पाँती मे बैठा देते है । उच्चारण के परिवर्तन यहाँ करीव-करीव वही मिलते है, जो प्राकृत मे और इसी भ्रम के कारण जैन भाडारो मे अक्सर अपभ्रंश ग्रथो को प्राकृत ग्रथो के वेष्टनो मे रख दिया जाता है । सुवन्त विभक्तियो के रूपो को पालियो ने और उससे भी अधिक प्राकृतो ने कम कर दिया था । अपभ्रंश ने इस प्रवृत्ति को और आगे वढाया । इसमे द्वितीया, चतुर्थी और षष्ठी तीनो विभक्तियाँ एक-सी होती है । उसी तरह तृतीया, चतुर्थी और कभी-कभी पचमी को भी एक बना जाता दिया है। प्रथमा के एक वचन मे सस्कृत-पाली-प्राकृत मे प्रयुक्त अकारान्त शब्दो के ओ को छोटा करके उ कर दिया जाता है, जिसे मागधी क्षेत्र के हस्तलेखो मे वहुधा छोड दिया जाता है । प्रथमा एकवचन का यह उकार गोस्वामी तुलसी दास के 'रामचरित मानस' की पुरानी प्रतियो मे काफी मिलता है, और रुहेलखड मे अव भी वहुत से कवि और वक्ता उसका प्रयोग करते है । प्रथमा वहुवचन मे कोई विभक्ति-सूचक प्रत्यय नही लगाया जाता, और शब्द का अपना रूप ही पर्याप्त समझा जाता है । तृतीया मे अपने प्रत्ययो के अतिरिक्त कितनी ही वार प्राकृत-पाली और सस्कृत के प्रत्यय एण को इस्तेमाल किया जाता है, और ऐसी जगहो पर पालि-प्राकृत प्रथमान्त ओकार का प्रयोग वतलाता है, कि शायद ऐसा करने मे पुरानी भाषा के अनुकरण की प्रवृत्ति कारण हो, तुलसीदास ने भी ऐसा कभी-कभी किया है। सरहने "कम्मविमुक्केण होइ मण मुक्को" (२४) कहा ।

२. संज्ञा, सर्वनाम

(१) लिंगभेद

सस्कृत-पाली-प्राकृत तक चला आता नपुसक लिग अव खतम हो गया था तथा पुलिग और स्त्रीलिग दो ही लिग रह गये थे ।

पुलिग—

अकारान्त—कोण (व.४), खवण (व ६), चेटल>चेला (व ६), तड>तट (१००)

आकारान्त—घण्टा (व ४)
इकारान्त—अइरि<आर्य (व ३), अग्गि<आग (व १), हत्थि<हाथी (व ७१), गिरि (व १००) जोइ (स ४४), मुणि<मुनि (ग ४१), मुण्डी (व ५), रत्ति (स १९),
ईकारान्त—अत्थी<अर्थी (व १११), जोई<योगी (स ८८), दण्डी (व २), पाणी (स ६६),
उकारान्त—अणु (स ६७), गुरु (स ३८,६२), पसु<पशु (स २०)

स्त्रीलिंग—

आकारान्त—इच्छा (स २३), काआ<काया (व ९), जडा<जटा (व ३), दीवा (व ४), पव्वज्जा<प्रव्रज्या (स १८), भाज्जा<भार्या (स १८), मुद्दा–मुद्रा (व २२), मुरुगा<मुरग (व ७२)
इकारान्त—अक्खि>आँख (व २), इन्दि<इन्द्रिय (ग ८४,९४), जुवइ<युवती (व २७), जोइणि<योगिनी (व ८६), वोहि<वोधि व (१०३), मट्टि (व १), मणि (व ९७) माइ<माई (व ८४), सहि<सखी (ग ४५, ९२), सिरि<श्री (व ६६)
ईकारान्त—कुमारी (स ६५), णई<नदी (फव. १००), वाराणसी (स ९६), रण्डी (व ५)

(२) सर्वनाम

अण्ण (स ९६), एहु (स ३०), को (व ९३), जो (स १६), सइ (स ७७) सव्व (स १४), सो (स १६)

(३) संख्या

एक (व १३), एक्क (स ५०),
बिण्णि (व ५४), बेण्णि (स ५०), बेइ (स ५७, ६२), दुइ (स १५६)
तिण्ण (स ७७)
चारि (व १), चउ (स १०९) चउट्ठ (व ९६),
पंच (स १४३)
दस (स ५२)
चउग्गह्<चउद्दह (ग ९१, व ८९)

सग्राइ<शतानि (स २१)

३. सुबन्त

प्रथमा और सप्तमी (अधिकरण) विभक्तियो के अतिरिक्त बाकी विभक्तियो के रूप प्राय एक से होते है। हमारे कोश मे आये रूपो के साथ यहाँ कविराज स्वयभू के "पउमचरिउ" (रामायण), बारहवी सदी के पूर्वार्ध के गहडवार गोविन्दचन्द्र के दरबारी दामोदर पडित की पुस्तक "उक्ति-व्यक्तिप्रकरण" तथा बारहवी सदी के अन्त के कवि विनयश्री की गीतियो के प्रयोगो को हम देते है—

एक वचन के रूप—

विभक्ति	सरह	स्वयभू	दामोदर
प्रथमा	उ (मणु व ८६) ओ (कहाणो, ठाणोस १२८)	(कवन्धु, १ पृष्ठ७१)	(पूतु)
द्वितीया	चिह्न नही	उ (पूतु),	न्ह (पूतन्ह)
तृतीया	ए (वज्झे व ४२), (कज्जे व २) ए (च्छारे व ३, सहावे व १०६) एहि (खवणेहि ब ५) एहि (अइरियेहि ब ३) एण (कम्मेण स २४)		पूते (पूतेहि)
चतुर्थी	०		पूतहि, पूतकिहें, पूतें कर
पचमी	एँ (दोसे स ३३, ३४) लइ (तालइ स २०) ह (आयेसह स २८) हि (भवणिव्वाणहि मुक्कअ स ३२)		तौ, हुँत, हुत, पास, हति, आँ (पूत तौ, पूतहितौ, पूतहँत, पूतहति, पूतपास
षष्ठी	केरो (राक्खस केरो स ७३) केर (जणकेर स १११, माआकेर स ११६) तणअ (कालहु तणअ स ५७)		कर, किअ, हिँ, करे, करि, केर, केरि पूतकर, ० किअ)

सप्तमी हु (हत्थे स. ५४)
ए (घरे व १२७) ए, ए, हि, मज्झ
एँ (कोले व. ८६, वअणे ग. ६४, पम्मत्थे म ४७)
एहि, एहि (जलेहि म. ८८, पाणिएँहि म ८६)
हि, हि (काणहि व ४, वरहि व ४, देहहि म ३४, मन्न्थलहि म. ४४)
सु (सीसमु व. ३)
संबोधन अरे रे (म २३) अरे, अहो
ये (माइ ये व ८४)
हले (न ६२)
हे (ग. ३८)

वहुवचन

इसका बहुत कम प्रयोग मिलता है ।
प्रथमा आ (जुआ, म. ६१, जडा स ६१)
एँ (वाले स १६) (पूते)
द्वितीया न्ह (पूतन्ह), ए (पूते)
तृतीया इँ, एँ, हि हुपास (पूति, पूते, पूतहि,)
चतुर्थी न्ह (पूतन्ह)
पञ्चमी ० (अप्पण व ६) न्हतो (पूतन्हतो)
षष्ठी एआग (खवणाण व. ८) न्हकर (पूतन्हकर)
सप्तमी न्ह मज्झ (पूतन्हमज्झ)

(२) सर्वनामों के सुवन्त रूप

(क) मैं—एकवचन—
प्रथमा मइ (न २२)
हउ (स. ३५, १६४) हउँ
द्वितीया मह (स. ८८, मह म ३४) मैं
तृतीया मइ (न. २१)....मइ
चतुर्थी द्वितीयावत्
पञ्चमी मह, मज्झ
षष्ठी द्वितीयावत् मह, मज्झ मोर

सप्तमी मइ (स. ४३, ४६)

वहुवचन

प्रथमा अम्हे, अम्हे

द्वितीया अम्हा (स ४७) अम्हेहि

तृतीया म (स २२)

चतुर्थी

पचमी अम्हहुम् अम्हहँ

षष्ठी अम्हहुम् अम्हहँ

सप्तमी

(ख) तू—सरह मे नही है, स्वयभू और दामोदर के रूप हैं—

	एकवचन	वहुवचन
प्रथमा	तुह (स्व), तूँ (दाम)	तुम्हे, तुम्हे (स्व)
द्वितीया	मै (स्व), तोहि (दाम)	तुम्हे (स्व)
तृतीया	तै (दाम)	
चतुर्थी	तुहु, तुव, तुज्झु (स्व), तोर (दाम.)	तुम्ह, तुम्हहँ, तुम्हहु, तुम्हे (स्व द)
पचमी		
षष्ठी		
सप्तमी		

(ग) सो—

	एकवचन	वहुवचन
प्रथमा	सा (व ४५), से. (स ६५), ता (स २०), सो (स द्य ६)	
	मु, सा (सव)	
द्वितीया	सो (स. १४), त (स २३, ७७), तहि (स ४२)	
तृतीया	तेण (स)	
	तेण, तिए (स्व)	
पष्ठी	तसु (स १४)	
	तासु, ताहे (स्व)	

(घ) अण्ण (अन्य)—

प्रथमा अण्ण (स ७६)

(ङ) एहु—

प्रथमा एहु (स ३०), एहु (स्व)

(च) को—

प्रथमा को (व ६७), कवण

कवण (स्व), को (स्व)

तृतीया केण (स २२)

षष्ठी कसु (स ५८), कासु (म. ६५)

(छ) जो—

प्रथमा जो (स १६), जे (स ८०)

द्वितीया जे (स ५२)

तृतीया जेण (स ६१)

षष्ठी जसु (स १२)

जसु, जासु (स्व)

सप्तमी जहि (स ४६)

४. अव्यय, उपसर्ग

(१) अव्यय—

अग्गे (स ५२), अग्गे (स ६६), अध (स ५७), अरे (व ४४), इ<हि(ग ३७,७६), इअ<इति(ग ८६), उ>और(ग २०), उणो<पुन (ग ४२), ए<हे(ग ६२), एम<एव(स ४३), एहि>यहाँ(व ४), कमणे> कौन(स १०५,)कहि>कहाँ(स २७), काइँ>क्यो(ग २४), कि(व ८), किअ (स ४२), की>क्यो (स २०), खलु (ग १०४), जइ<यदि (स ६६) जत<यद्(ग २३), जन्तइ>जेतना(स ७६), जत्थ<यत्र(स २९), जव्वे>जव (स ३६), जाउ<यावत् (स ६७), जाव>यावत् (स ६६) जिम>जिमि, यथा (व ७६,८६), जेत्तइ>जेत्ता (स. ७७), ण<ननु (?), णउ> नहि (स १७,१६), णाहि>नही (स ४६), णु<नु (व. ११२), तउ>तो (स ७५), तत्तइ>तेत्ता (स ७२), तत्थ<तत्र (स ४०), तव्वे>तव (स ३६), तहवि<तथापि (स ७२), तहा<तथा (व १०१), ताव<तावत् (स २५), तावइ (स ७६), तिम>तिमि (स ४६, व. ८६), न (व १),

पच्छे>पीछे (स ५२), पुण>पुनि (स १७), पुणु>पुनि (स. ३९), फुड>फुर (स २७), वाज्ज<वादि (स १४०), वाहिर (स ६९), वि>भी (स ६६) विणु<बिना (स ७२), म>न (स ४३), मा>ना (स १७), रे (स ८९), सइ<स्वय (श ४६), सुठु>सुठि (स १२३), हु (श ६०), हो (स ३०),

(२) उपसर्ग

अ–निषेधार्थ (श १००), अ>आ (अमण<आगमन श ७०), अबत्तेअण–अको<अवचेतन (श १८), अब्भ<अभि (अब्भन्तर व ८९), अह<अथ (श २२) अहि<अभि (अहिमाण स ६०), आ (आअेस<आदेश (स २८), उअ<उप (उअपिट्ठ<उपपीठ, स ९६), उज<उत् (उज्जोअ व ९७), उड<उत् (उड्डी व ७०), उव<उद् (उवाहरण<उदाहरण श ९८) कु (व ९९), णि<निस् (णिण्क्कारुण व १०९), णिच्चल (स ६६), णि<नि (णिवेसी व ४), णिर<निर् (णिरक्खर स २५), दु<दुर् (श ८८), पडि<प्रति (पडिवेसी<प्रतिवेशी स ६८), वि<वि (विअप्प<विकल्प व १००), सम (समरसु स ७७, ९५), सु (सुगति स ८८)

५. समास

चार समासो के उदाहरण निम्नलिखित है—

१ कर्मधारय—घोरान्धार (व ९७)

२ तत्पुरुप—जोइणिचार (व ८४), जोइणिमाअ>जोगिनी-माया (व ८६)

३ द्वन्द्व—चित्ताचित्त (स १२३)

४ वहुव्रीहि – अभिण्णमइ<अभिन्नमति (श ८९)

६. तद्धित

तद्धित का प्रयोग वहुत कम होता था। कुछ उदाहरण है—

तणअ<तन (कालह तणअ स ५७), केर<कीय, (रावखस केरे (स ७३)।

७. क्रिया

क. तिङन्त

सहायक क्रिया-सहित वर्त्तमान क्रिया का यहाँ कोई प्रयोग नही दीख पड़ा। वर्त्तमान, भविष्य, अतीत (भूत) और आज्ञा की क्रियाएँ निम्न प्रकार हैं

(१) वर्त्तमान—

प्रथम पुरुष एकवचन मे ०, अ, इ, प्रत्यय आते है, जैसे जाण (व. ६६), जाअ (म ७७), जाणअ (व ६५),

जाइ (म ९३), जाणइ (व ६५), ठाइ (म ८३), णासइ (म ६०), तुट्टइ (म ७७), देइ (म ७३), देक्खइ (म १५), धावइ (म ४३), पइसइ (म ३६), पईसइ (म १५), वज्जइ (म ६१)। प्रथमपुरुष, बहुवचन का प्रयोग शायद इ को अनुनासिक करके होता था। मध्यमपुरुष के लिए संस्कृत की तरह् सि प्रत्यय का इस्तेमाल होता था—जाणसि (म ७७), पावसि (म ६७) परिआणिसि (म ६७)।

उत्तमपुरुष मे मि एक वचन के लिए आता था—वहमि (ग. ६५), जाणमि (व ६०), जोअमि (म ५७), पुच्छमि (स ५७)।

स्वयम्भू रामायण मे प्रथम पुरुष के लिए इ, मध्यम के लिए हि, हो और उत्तम के लिए एकवचन मे मि और हु आता है।

प्रथमपुरुष बहुवचन मे सरह न्ति, न्ते का प्रयोग करते है।—वज्जन्ति (म ६१), होन्ति (म ११४), रमन्ते (म ४८)।

(२) भविष्य—

इसका प्रयोग अलग मे बहुत कम देखा जाता है।

कुछ प्रत्यय है—

इहइ (होइहइ स ६८) प्रथम पुरुष

इ (वुज्झइ म ८७)

ईहसि मध्यमपुरुष मे—करीहसि, गमीहसि, ठवीहसि (स १५५)

स्वयंभू एकवचन मे सइ और बहुवचन मे सन्ति का प्रयोग करते है—होसइ, होसन्ति।

(३) अतीत—

अतीत काल के लिए पुराने रास्ते को छोड़ निष्ठा प्रत्यय से काम लिया जाता है, जैसा कि हिन्दी, अवधी, व्रज, भोजपुरी आदि करती है। ये प्रत्यय है—

अ (चाहिअ ग ४१, हुअ ग. १०१, ठविअ स. १५)

अउ (ठविअउ स. १५, ठिअउ ब ८६, ठीअउ व १११, दीअउ ब्र. ११२, बसिअउ श. ३८), इअउ (कहिअउ स ६४, पढिअउ व ६०)।

इउ (गहिउ स. ६६, गाहिउ स १२७, चाहिउ ब ३६, जाणिउ स ५१, घाविउ स १०, वाहिउ स १२८, साहिउ स २२)

उ (गउ स २६, ठिउ स २६)।

अपभ्रश का भूतकालिक प्रयोग अवधी के सबसे नजदीक है। इसके लिए इल-अल प्रत्यय का प्रयोग भोजपुरी आदि मे पीछे होने लगा। पर विनयश्री—जो विक्रमशिला (भागलपुर) के थे—ने बारहवी सदी के अन्त मे इल, अल का बहुत प्रयोग किया है, जैसे—फुल्लिल्ल (गीति १), गेल्लिअहँ (वही) झपाविल्ल (वही), भइल्ल (गी २), गइल्ल (वही), लाम्बल (गी ६),

सरह की भाषा और स्वयभू आदि की अपभ्रश ने अतीतकाल के सबंध मे प्राकृत आदि से अपना सबध बिल्कुल तोड लिया, और उसका अनुसरण आज भी हमारी भाषाएँ कर रही है। भेद इतना है, कि जहाँ भोजपुरी, बँगला, मैथिली आदि ने इउ का इल, अल कर दिया, वहाँ अवधी ने पहिले ही की तरह अउ, इउ, एउ को कायम रक्खा। ब्रज ने ओ और यो किया, जिसको कौरवी या हिन्दी तथा उसकी सहोदरा पूर्वी पजाबी ने आ, ए (बहुवचन) बना के रक्खा। इस प्रकार अपभ्रश जाणिउ, अवधी मे जानेउ, ब्रज जानो, हिन्दी-पजाबी मे जाणा (जान लिया) या जाना बन गया।

(४) आज्ञा—

आज्ञा का प्रयोग मध्यमपुरुष मे ही प्राय: देखा जाता है, करेइ (व ६६) खरडह (श. २५), पडिहाउ<प्रतिभातु (व १०१) जैसे कुछ ही सन्दिग्ध प्रथम पुरुष के प्रयोग देखने मे आते है। मध्यम पुरुष के एकवचन के प्रत्यय है—

इ (पडेइ व. ०७),

० वस (स. २७)

उ (थक्कु ब १०३, थाक्कु श १०५, देक्खउ स ६२, वसउ व. १००, भमउ (स ६३)

हु (पडिपज्जह स. ४४, पणमह स २३, माणह म. ३८)

हि (जाहि व. १०३),
हु (मणहु व १०७, लग्गहु न ५१ अच्छहु म ६७)

(५) समस्त क्रिया

आजकल हिन्दी मे जिस तरह है आदि सहायक क्रिया के साथ मिलाकर एक धातु के स्थान मे दो धातु के प्रयोग द्वारा उसी अर्थ को प्रकट किया जाता है, जो संस्कृत, पालि, प्राकृत मे एक धातु के रूप से चल जाता था, जैसे—पठति के लिए हिन्दी मे पढता है। लेकिन, यह परिपाटी अर्थात् कृदन्त के एक शब्द के साथ सहायक क्रिया द्वारा अर्थ का प्रकट करना हिन्दी की मूल भाषा कौरवी तथा हमारी दूसरी भाषाओ ने भी अनिवार्य नही है। कौरवी मे पढै, जावै-जैसे प्रयोग देखे जाते है, और है को अनिवार्य रूप से प्रयुक्त भी नहीं किया जाता। पुरानी उर्दू कविताओं ने— पढे है, जावे है—जैसे प्रयोग कभी थे, लेकिन उन्हे त्याज्य कर दिया गया। जिसके कारण लाठी के जोरा से पढता है, जाता है का प्रयोग कराया गया। उस लाठी को हिन्दीवालो ने भी मान लिया। इस क्रिया-रूप मे एक और भी लाभ था, कि क्रिया मे स्त्रीलिंग-पुल्लिंग के भेद की अवश्यकता नही थी। समस्त क्रियाओ का सरह की भाषा अपभ्रंश ने भी प्रयोग अधिक नहीं देखा जाता, और यदि होता भी है, तो वह संस्कृत की तरह शायद ही कही। ये सहायक क्रियाएँ निम्नलिखित है—

गउ<गतो, (विलीण गउ स. ३९)
जाइ<याति, (खअ जाइ क्षय हो जा, न ३०, सिद्धि जाइ स ४८
भणइ ण जाइ स ६५, कहिहौ जाइ म ३०)
थाक्कैइ<स्थगति—(णिच्चल थाक्कइ निश्चल रहे, स. ६६)
सक्कइ<शक्नोति, (कहण ण सक्कइ कह न सके, स १०४)
होइ<भवति, (वध होइ>बढता है, स. ११३)
होवि<भवति, (होवि न खीण>क्षीण नहीं होता, स. ४१)

(६) नामधातु क्रिया

नाम से क्रिया बनाने का रिवाज संस्कृत और भोजपुरी, अवधी आदि

आधुनिक भाषाओ मे भी देखा जाता है । साहित्यिक हिन्दी मे इसका अभाव खटकता है । सरह की भापा मे भी इसके प्रयोग मिलते है, यद्यपि क्षेत्र सीमित होने के कारण वह कम देखने मे आते है।

नामधातु मे इअ प्रत्यय लगाकर क्रिया वनाई जाती है, जैसे उद्दूलिअ <उद्धूलित, धुलिआया, स ३ ।

शब्दानुकरण के लिए आइ प्रत्यय का उपयोग देखा जाता है, जैसे सुसखुसाई>फुसफुसाता है, (स ४)

(७) भाव, कर्म-संबंधी क्रियाएँ

अकर्मक धातुओ से भाव और सकर्मक धातुओ से कर्म मे प्रत्यय ला त्रिया के प्रयोग के कुछ उदाहरण है—

सक्कअ<शक्यते, स १७, वुच्चअ<उच्यते स ३८, रुच्चअ<रुच्यते स ३८, दमुच्चअ<मुच्यते, स १८

इअ, विअ डाविअ<दावते, ब २, पाविअ<प्राप्यते, स ८५

इअह, ईअइ, लक्खीअइ<लक्ष्यते, स २७, पुज्जिअइ<पूज्यते, स १४६, किअइ<क्रियते, स १६,४२

इज्जइ—दिक्खिज्जइ<दीक्ष्यते, व ५, गुणिज्जइ<गुण्यते, स १४, विलिज्जइ <विलीयते स ४८, णासिज्जइ<नाश्यते स १३६, भाविज्जइ <भाव्यते स. १४२

एइ, पडिहरेइ<प्रतिह्रियेत स ५७, करेइ<क्रियेत स ५७, चरेइ<चर्येत स. १२५, हरेइ<ह्रियेत स १२५

(८) प्रेरणार्थक णिजन्त क्रिया

इसका रूप प्राय वैसे ही प्रत्ययो को लगा के वनाया जाता, जैसा कि हिन्दी मे । कुछ प्रत्यय इसके कौरवी वोली मे देखे जात है, जैसे—चली का चाली । पर साहित्यिक हिन्दी ने उसे अपनाया नही ।

आ इ चाली>चलाता है (व ४)

आव—करावै

वइ—मेलवै>मिलता है (स. ५३)

ख. कृदन्त

कृदन्त रूपो का अधिक प्रयोग अपभ्रंशकाल से ही होने लगा, जिसे आज भी देखा जाता है। खासकर त या निष्ठा प्रत्यय जैसे हिन्दी मे भूतकालिक क्रिया की अपनी विशेषता बन गई है, वैसे ही अपभ्रंश मे भी देखी जाती है।

१ निष्ठा प्रत्यय क्रिया

अउ–सूणउ>सुना, डिट्ठउ>देखा, स ६७

आ–लग्गा>लगा स १६

इअ–कड्ढिअ>काढ़ा, निकाला स १६, कहिअ>कहा, स २२, सोहिअ> शोभित हुआ, स ३६ इअ–किया स. ५६

इअउ–कहि कहिअउ<कथित कहा स ६७

इआ–रजिया<रजित, रग्या>रगा स. ५०, जाणिया>जान्या>जाना स ५६

इउ–धाविउ>दौडा स १०, रहिअउ<रहित स १८, जाणिउ>जाना स. ४१

इव–गाइव>गाया स ३६

उ–गउ>गया स २६, दिन्नु>दिया स ३७

ओ–णट्ठो>नष्ट हुआ स २६, वइट्ठो>वैठा स ६७, डिट्ठो>देखा स. १०

हमे भूतकाल के वतलानेवाले आ और ओ या उ तीनो प्रकार के प्रत्यय मिलते है, जिनमे आज की भाषाओ मे आ खडी हिन्दी के लिए रह गया है और उ, ओ अवधी तथा व्रज मे प्रयुक्त होता है। लग्गा लगा यह खडी हिन्दी के जैसा है। कहिअउ>कहेउ के रूप मे अवधी मे वोला जाता है। गउ>गया का भी प्रयोग अवधी मे देखा जाता है। नट्ठो गओ की तरह व्रज के अनुरूप है।

२. न्त—इसके प्रयोग अपभ्रंश मे मिलते है, यद्यपि आजकल की भाषाएँ उनको उतना इस्तेमाल नही करती। इसके रूप मे—पढन्त व १ हुणन्त>होमता व १, कुट्टन्त>कूटता स ५४, रमन्ते>रमता स ७१, हरन्ते>हरता स ७१।

३ क्त्वा के लिए आजकल कर अलग से धातु मे जोडा जाता है, जैसे लेकर, वैठकर। इसके लिए यहाँ दो प्रत्यय प्रयुक्त होते देखे जाते है—

इग्र–लइ>लेकर स. १२२, बइसी>बैठकर ब. १, चूछाड़ी>छोडकर स. ११, धरि>धरकर स ६३।

बी–मुणेवि>मननकर स. ३६

४ धातु-अर्थ—इसके लिए सस्कृत आदि का अन प्रत्यय इसमे भी अण के रूप मे आता है, जिसके आकारान्त और उकारान्त दोनो रूप देखे जाते है, अर्थात् खडी बोली और व्रज-अवधी दोनो का पूर्व-रूप यहाँ मिलता है, जैसे अत्थमणु<अस्तमनम् स ६५, कहाणॉ<कथन>कहना स. १२७।

बी प्रत्यय का इस अर्थ मे प्रयोग भोजपुरी, अवधी आदि मे देखा जाता है, जो हिन्दी मे नही मिलता। अपभ्रश मे यह मिलता है–कहवि>कहना स ११३।

सरह की मूल भाषा मे ग्रथ एकाध ही मिले, इसलिए कृदन्त के सारे प्रयोगो के बारे मे नही कहा जा सकता। लेकिन, स्वयम्भू, पुष्पदन्त आदि अपभ्रश के महाकवियो ने महाकाव्य लिखे है, जिनमे अनेक रूप देखे जा सकते हैं।

८. विशेष

हम वतला चुके है, कि सरह की भाषा अपभ्रश अपनी शब्दावलि और उच्चारण मे यद्यपि पूरी तौर से प्राकृत की अनुयायिनी नही है, लेकिन वहुत-सी वातो मे वह आधुनिक भाषाओ का पथ-प्रदर्शन करती है। इसमे प्रयुक्त सस्कृत-वश से भिन्न भाषा के देशी (द्रविड़ आदि) शब्द बहुत-से आज भी प्रयुक्त होते है। और कितने ही शब्दों के रूप इसे आधुनिक भाषाओ से एक करते हैं। यहाँ उनके उदाहरण दिये जाते हैं।—

(१) देशी शब्द

करहा (४३, करभ), कबडिआर (वाग १०१, हाथीवान्), खुसखुसाइ (वाग ४, फुसफुसाइ), चाउल (५४, चावल), चॉगो (१२०, चगा), च्छाडहु (१५७), चेल्लु (वाग. ६, चेला), छुड (६३,), जँगड (४३, झगडा), धान्ध (८८, पाली धन्धा), फुड (२६, २७, ११६), वप्पडा (१५७), वाज्ज (१३८, विना), वुल्ल (१२१), लड (१०६), फेडिअ (१३६), सुरुगा (वाग ७६), हल्ले (८३)

(२) आधुनिक भाषाओं से एकता

जहाँ तक संस्कृत के तद्भव शब्द-रूपों का संबंध है, अपभ्रंश प्राकृत के शब्दकोष को बहुत अंशों में स्वीकार करती है। हाँ, वही बात सुबन्त और तिङन्त रूपों के बारे में नहीं कही जा सकती, जहाँ कि वह आधुनिक अश्लिष्ट भाषाओं की पंक्ति में आ बैठती है। इसके अतिरिक्त भी ऐसे बहुत-से शब्द मिलते हैं, जो उसे आधुनिक भाषाओं का बताते हैं, जैसे.

आवइ-जाइ (बाग. ८२), उत्तिम (१६), कट्ठिअ (१९), काहिइ जाइ (३०), कहण ण सक्कइ (बाग ५०), कहिज्जइ (६२), कोल (बाग ८९), गुणिज्जइ (१४), चलइ (६३), चाली (बाग) ४(, चाहन्ते-चाहन्ते (३४), च्छारे (बाग ३, राख), च्छुप्पइ (६९. छुवइ), घरिणी (बाग ८४), जसु (१२, जासु), जोअमि (५२, जोहूं), जोडण (१७, जोडना), जल्लइ-तत्तइ (७८), झगड (बाग. २३, झगडा), णग्गाविअ (बाग. ६), तब्बे (३६, तब), तरुअर (बाग १०७), थाक्कु (६६, बँगला,) दिक्खिज्जइ (बाग ५), पिविअ (८४, पीअइ), पुडअणि (९७, पुरइन, कमल), परमेसुरु (बाग ८१), फुइ (बाग. ७९), फुर (अवधी), वक्खाणु (१०, वखान), विलअ जाइ. (२७, ४१), विलअ गउ (२९), भणइ ण जाइ (६४), भुल्ले (बाग ३, भूले), रडी-मुंडी (बाग ५), लुक्को (बाग ८९, छिपा), लोडइ (बाग ८०, पजाबी), सुक्कावथि (८०, मगही), हव्वास (६९, अभ्यास)

(३) धातु-सूची

दोहाकोश में निम्न धातुओं का प्रयोग हुआ है—

अज्, उ-(६१, उत्-गद्), अच्छ(२३, बाग. ६२) है, अत्थ(बाग ६७), आ, आव (बाग ३४), आस>आ (७२, या-आस्), सन्आ-(बाग ४), आग (१४, ०१), अल, वि-(२८, अक्त, वि-), वआर, उ-(बाग १०७, उप-कृ), इच्छ (२३), इज, पति-(८९ ? पतियाइ), इस, प-(बाग ६७), इक्ख, प-(१५), कड्ढ (१९?, निकाल), कर (४४, ५० कृ), कह (३०, ६४,३८, ६९), खड (७३), खाज (४८ खाद्,) गह (६९, ग्रह), गा(३६, गया), गाह (३६ दृग्, बाग. ९१ ज्ञा, १२७ अवगाह), घस २५ (२५ घृष्), घोल (२५), ग (बाग १०१), चर (४९), चल (बाग. ४५), चाह (३४),

खीण (४१), चिन्त (२८) च्छुप (६९), च्छड (वाग ८२,–फ–६ १११), छिण्ण (६५), जल (जलन्त, वाग. ८१), जल (२३), जा (१३,४८), जाल (बाग ४), जिग्घ (६२), जाण (६, ६९, १०३, १२७), जुड (१७), जोग्र (५२), झा (१२, ध्या), ठि (२९, ४३), डह (वाग दह), डा (वाग ७० उडना), णिहाल (वाग ९९), देस (वाग २, दिश्), तप (१३), तिस (८८, बाग ९१ तृष्), तुट्ट (७२, ९४), तुट्ठ (१२), दा (३५,७१), दिस (१५, वाग ८१), दिह (९१), दी (२३, वाग ११२), धाव (१०, ४३, ९१), धर (वाग ७७), धा (वाग ८६, ध्या), पलुट (वाग ७०), पढ (बाग १,१८, वाग ९०), पड (वाग ७०), पाड (३५ वाग ५), पाव (१६, १७, ६६), पुन्छ (५२, ६८), पुज्ज (७१), पीव (४४, ४८), पुत्ल (वाग १०) पूर (९४), फुर (२३), वग्र (८९), वइ (३, वाग ९८), बइस (१०, वाग ४०), वज्ज (१८, ५४, बाग ८४), वज्झ (२४, ६४, ९१), बन्ध, (वाग ४) वन्ध (बाग. ४, १०५), बह (वाग.३, ८६, १२८), वस (२७), वाज्झ (७१), बास (वाग १११), विस (बाग ४), वुज्झ (३०, ७७), वेग्र (९६, वाग.७५), फर (४८), भण (वाग ८), भम (६३, ७९), भाव (१११, बाग ८, वाग १०५), भेज्ज (बाग. ८३), भोग्र (बाग ८), भान्त (६७), मण (८५), मण्ण (वाग. १०२), मर (३०, ६०), मिल (८८), मुण (३६, बाग ८१), मुसार (४१), मुह (३४), न्हा (१३), बक्ख (वाग १० ७४), मुवक (६६), रज (५०), रम (बाग ७०), रस (५१), रह (६४), रुघ (३४), मुच्च (१३), लग (१६), लक्ख (२७, ३४, ३५), लइ (२०), लज्ज (७५), लभ (१२), लिप (६९), लीण (६५, ९९), लुड (वाग ८०), लुक (वाग ८९), सक्क (१७, फाग ५०), सत्त (वाग. ७१), साध (१७), सा (सार, साल ७२, वाग १०१), सर (७१), साह (वाग.९,१७), सिज्झ (२०), सुण (६२), सुध (वाग. १०६), सुह (वाग ९५), ग्रेसेग्र (वाग १०५), सोह (३६), हर (वाग. ६४, वाग ९७), हा, पडि– (वाग ८७), हार, बव– (६३), हुण (वाग.१ हवन), होइ (१२)

(४) छन्द

जिस प्रकार प्राकृत का अपना विशेष छन्द गाथा या ग्रार्या है, जिसका वहुत सुन्दर प्रयोग गाथा-सप्तशती के मुक्तको मे देखा जाता है, उसी

तरह अपभ्रंश के दोहा-चौपाई अपने विशेष छन्द हैं। बल्कि हम कह सकते हैं, कि आर्या या गाथा को केवल प्राकृत का छन्द नहीं कहा जा सकता, पर दोहा-चौपाई का आरम्भ तो अपभ्रंश में ही शुरू होता है। इनके सबसे पुराने नमूने हमें सरह की कविताओं में ही मिलते हैं। जबतक और पुराना उदाहरण नहीं मिलता, तबतक के लिये हम कह सकते हैं, कि सरह ही साहित्य में इनके विधाता हैं। चौपाई और पद्धरिया एक ही प्रकार के छन्द हैं। दोनों में चार पद होते हैं, हरेक पाद में १६ मात्राएँ होती हैं। अन्तर इतना ही है, कि चौपाई के अन्त में गुरु आता है, और पद्धरिया में लघु। यह भी स्मरण रखने की बात है, कि दोहाकोश के नाम से ही सरह की अनेक कविताएँ विख्यात हैं, लेकिन दोहा छन्दों के अधिक होने पर भी उनमें केवल दोहे ही नहीं हैं, बल्कि पद्धरिया आदि दूसरे छन्द भी देखे जाते हैं। शायद उस समय अभी दोहा शब्द अपने आज के अर्थ में रूढ़ नहीं हुआ था। कोश भी यहाँ डिक्शनरी या शब्दकोश के लिए नहीं इस्तेमाल किया गया। कोश का अर्थ है संग्रह या संचय। दोहाकोशसे दोहों का संचय या दोहावली अभिप्रेत है। "गाथासप्तशती" को पहले गाथाकोश या आर्याकोश भी कहा जाता था, जिसका भी अर्थ गाथावलि ही है। सरह के "दोहाकोश गीति" में गाथा या आर्या छन्दों का भी प्रयोग देखा जाता है, जिनकी संख्या छ है। इनकी भाषा सभी जगह प्राकृत है, जिससे मालूम होता है, कि उस समय आर्या छन्द को प्राकृत का छन्द माना जाता था, और उसे देशी भाषा में इस्तेमाल नहीं किया जाता था। हो सकता है, दोहा-चौपाई आदि जिन छन्दों का पहले-पहल प्रयोग हम सरह को करते देखते हैं, वह लोकभाषा के छन्द थे।

दुवहय दोहा के रूप में ही प्रचलित था, क्योंकि इसी तरह सरह के ग्रंथो में उसका प्रयोग देखा जाता है। इस छन्द के बारे में किन्हीं-किन्हीं विद्वानों का मत है, कि यह ग्रीक छन्द से लिया गया है। इसमें शक नहीं, ईसा-पूर्व द्वितीय शताब्दी से ईसा की पाँचवीं सदी तक यवन, ग्रीक, हूण (हेफ्ताल) आदि जातियाँ भारी संख्या में भारत में आकर सदा के लिए बस गई। यद्यपि कुछ ही पीढ़ियों में वह अपनी भाषा खो बैठी, लेकिन उनके गीतों की ध्वनियाँ और छन्द इतनी जल्दी भुलाये नहीं जा सकते थे।

हिन्दी ने मुस्लिम-काल मे अरबी और फारसी—विशेषकर अरबी—के कितने ही छन्दो को ले लिया, जिनका प्रयोग आज भी होता है। ऐसे ही यदि उपरोक्त घुमन्तू जातियो के गीतो और छन्दो के बारे मे किया गया हो, तो कोई आश्चर्य की बात नही। यदि दोहा को इस तरह अपनाया गया हो, तो अधिक सम्भव है, वह यवनो से नही, बल्कि शको से लिया गया होगा। शक सामन्त हमारे यहाँ के सभ्रान्त राजपूतो, जाटो, अहीरों, गूजरों के रूप में आज भी मौजूद है। जिस तरह वह भारतीय जाति के अभिन्न अंग हो गये, वैसे ही उनके कुछ छन्द और लय भी यदि जनप्रिय होकर हमारे हो गये हो, तो कोई आश्चर्य नही। यहाँ एक उल्लेखनीय बात यह है, कि इन पंक्तियो के लेखक ने र्याजिन (रूस) और ताजिक लोकगीतो को उसी लय और छन्द मे गाये जाते सुना, जिसमे भोजपुरी बिरहे—जिसे हजारीबाग जिले मे चाचर (चच्चरी) कहते है—गाये जाते हैं।

डा० शहीदुल्ला ने "दोहाकोशगीति" मे निम्न छन्दो को पाया है—

१. दोहा—हमारी पुस्तक मे ६२ के करीब दोहे मिलते है, अर्थात् आधे से कुछ ही कम। दोहा इसी रूप मे वहाँ बोला जाता था, दुवहय नही। जैसा कि इस तालपत्र के १११ वे पद्य के इस वाक्य से मालूम होता है—"तहि भामिअ दोहाकोप तत्थ चिअकन्धअ समत्त॥" सरहपाद ने अपनी इस प्राकृत गाथा मे भी दुवहयकोस नही बल्कि दोहाकोश का प्रयोग किया है, जो १३ और १५ मात्राओंवाली दो पक्तियो का होता है।

२ सोरठा—सोरठा का प्रयोग सरह ने बहुत कम किया है। वैसे सोरठा दोहे को उलटकर ही बनाया जाता है।

३ पादाकुलक के भी कितने ही उदाहरण मिलते है, जो १७ मात्राओ का छन्द है।

४. अडिल्ल वदनक—इस पज्झटिका के काफी प्रयोग यहा देखे जाते है। इसके चारो पदो मे से प्रत्येक मे १६–१६ मात्राएँ होती है, और जैसा कि ऊपर बतलाया, पज्झटिका<पद्धतिका>पद्धडिया के अन्त मे दो गुरु और एक लघु अवश्य आता है।

५. गाथा (आर्या)—इसका प्रयोग सरह ने केवल प्राकृत मे लिखे छः पद्यो मे किया है।

६. रोला—इसका भी दो-एक ही जगह उपयोग सरहपा ने किया।

७ उल्लाला—२८ मात्राओ की दो पंक्तियों का यह छन्द बहुत कम प्रयुक्त हुआ है।

८ महानुभाव—१२ मात्राओ के ४ पादो का यह छन्द एक जगह ही प्रयुक्त हुआ है।

९ मरहट्ट—२९ मात्राओ के इस छन्द को डा० शहीदुल्ला ने एक ही जगह पाया है।

§५ हस्तलेख

जिन हस्तलेखो के आधार पर मैने मूल पुस्तक का सम्पादन किया है, उसके बारे मे कुछ कहने के पहले यह बतला देना आवश्यक है, कि सरह जैसे भाषा, विचार, छन्द आदि मे युग-प्रवर्तक पुरुष की एक ही कृति को हिन्दीभाषी पाठको के सामने रखकर सन्तोष कर लेना मैने अच्छा नही समझा। इसीलिए उनके जो अन्य अपभ्रंश ग्रथ तिब्बती (भोट) भाषा मे अनुवाद के रूप मे मौजूद है, उनको भी हिन्दी मे ला देने की मैने कोशिश की। इस प्रयत्न मे मै अपने को सफल नही कह सकता, लेकिन इससे सरह के भावो को जानने मे सहायता मिलेगी, इसमे सन्देह नही। यह भी हो सकता है, कि तिब्बत के पुराने विहारो के हस्तलेखो की अच्छी तरह छानबीन करने पर शायद उनमे कुछ और मूल भाषा मे मिल जाये, उस वक्त इन अनुवादो की अवश्यकता नही रहेगी। यदि ऐसा न भी हो, तो भी आनेवाले विद्वान् अधिक साधन-सम्पन्न होकर अच्छा अनुवाद कर सकेगे। सरह की भाषा अन्य सिद्धो की भाषा की तरह सन्ध्या-भाषा के नाम से अभिहित की जाती है। उसमे दूसरे रहस्यवादी कवियो की तरह अनेक भाव निहित है, इसलिए भी उनका हिन्दी मे अनुवाद करना आसान काम नही। दुर्भाग्य से मुझे कोई ऐसे तिब्बती विद्वान् की सहायता नही मिल सकी, जो सिद्धों की भाषा और भाव का ज्ञाता हो।

१. 'दोहाकोश-गीति' की तालपोथी

शायद दोहाकोश की सबसे पुरानी प्रति यही सिद्ध होगी, जो कि सन्

१९३४ ई० में मुझे तिब्बत के ऐतिहासिक मठ स स्क्य में मिली थी, और जिसके अनुसार मैंने कोश को सपादित किया। इसकी प्राप्ति बडे विचित्र ढग से हुई। मै भारत से गई तालपत्र की पोथियों की खोज मे अपनी दूसरी यात्रा मे स स्क्य पहुँचा। वहाँ तालपत्र की पोथियाँ थीं। खोज करने पर किसी ने कहा, वहा के एक मन्दिर के पुजारी के पास ताल-पत्रो का बडल है। मेरे चिरस्मरणीय मित्र और अब दिवगत गेशे सघ-धर्मवर्धन (गेन्दुन् छोम्फेल्) जाकर किसी तरह बडल को ले आये।

तिब्बत मे भारत से गई ताल-पोथियो को बहुत पवित्र माना जाता है। मरणोन्मुख व्यक्ति के मुँह मे यदि तालपोथी का धुला एक बूँद जल पड जाय, तो उसके पाप धुल जाने मे कोई सन्देह नही। यह उसी तरह का विश्वास है, जैसा हमारे यहाँ मरणासन्न के लिए गगाजल को समझा जाता है। ऐसी पवित्र वस्तु को वहाँ का हरेक सद्गृहस्थ अपने घर मे रखना चाहे, तो इसमे आश्चर्य क्या? अधिक चढावा चढानेवाले भक्त को पुजारी तालपोथी का एक टुकडा काटकर प्रसाद के रूप मे दे दिया करता था, और इसी उद्देश्य से नाना पुस्तको के पत्रो का यह बडल उसके पास था। कौन-कौन-से ग्रथो के कितने पत्रे इस प्रकार बँटे, इसे कौन बतला सकता है। महत्त्वपूर्ण पत्रों को फिर पुजारी को सपुर्द करना मेरे बस की बात नहीं थी। पुजारी को भी कुछ दक्षिणा मिल गई, इसलिए उसने आपत्ति नहीं की। यद्यपि हस्तलेख मे सन्-सवत् नही दिया हुआ है, पर लिपि दसवीं-ग्यारहवीं सदी की कुटिला है। इस हस्तलेख का इतना ही महत्त्व नहीं है, बल्कि अभीतक सरहपा के इस दोहाकोश की जितनी प्रतियाँ मिली है, उनमे यह सबसे पुरानी होते दोहों की सख्या मे भी सबसे बडी है। महामहोपाध्याय हरप्रसाद शास्त्री ने जिस प्रति को "बौद्ध गान ओ दोहा" मे आज से ४० वर्ष पूर्व सपादित किया था, उसमे ५० के करीब दोहे थे। महाप्रस्थान के पथिक डाक्टर प्रबोधचन्द्र बागची ने आज से १५ साल पहिले जिस 'दोहाकोश' को प्रकाशित कराया था, उसमे दोहो की सख्या ११२ थी। स्वय तिब्बती मे जो इसका अनुवाद (तेर् गी स्तन्. ग्युर् ग्युद् पोथी वि पृष्ठ ७०ख५—७७क३,) मे मिलता है, उसमे दोहो की सख्या १३५ है, जब कि स. स्क्य की इस तालपोथी मे वह १६४ है। तिब्बती-अनुवाद इस प्रति से नहीं किया गया। वह उस प्रति का

अनुवाद है, जिससे मिलती-जुलती प्रति की कापी डाक्टर वागची द्वारा संपादित हुई। हमारी इस प्रति मे ८० के करीब नये दोहे है, उधर डाक्टर वागची के प्रति मे भी ५० से अधिक नये दोहे और है।

२ खण्डित पत्रे

तालपत्र--

तालपत्र ११"×२" पृष्ठाक १३

१३वे पत्र की दोनो ओर ८ दोहे है। इसमे पहिले के १२ पत्रों या २३ पृष्ठो मे ७५ दोहे रहे होंगे, अर्थात् प्रतिपृष्ठ ३ दोहे। दोहो पर सख्या का अक दिया हुआ है।

लिपि कुटिला (वर्तुल) के वाद की सभवत १२वी सदी की मागधी है। पातियो के वीच मे छोटे अक्षरो ने कही-कही भ्रष्ट सस्कृत मे टिप्पणी-है। ग्रथकर्त्ता का नाम नही है, पर जान पडता है, यह भी सरह-पाद की कृति है और प्रकाशित "दोहाकोश" से भिन्न। ये पत्रे भी स.स्क्य के मन्दिर के पुजारी से काटकर प्रसाद वनने से वचाये गये वडल के है। तालपत्र के ८ दोहे निम्नलिखित है·

कमलकुलिश वेवि मज्झ ठिउ जो सो सुरुअ विलास।
को त रम्मइ ण तिहुवणहि, कानु ण पूरिअ आस ॥ (७६)

(टि) वज्रपदमसयोगात् वोधि चेत्तहु स्थित्त सहजानन्दरूपी सुप्रपा· यत्किंचित् त्रिभुवने सहजमय सर्वागापरिपूरक।

क्खणउ वाअ सुह अहवा, अहवा वेण्णिवि सोवि।
गुरुअ पसाअे पुण्ण जइ, विरला जाण(इ) कोवि ॥ (७७)

तत्क्षणगभीरतत्त्वदेसनात तत्क्षणसरसविरससहजट्ठाणे त्रीप्रमायेन पुण्यधामतो नद्ययेन कोटीनासप्य--

गभीर भिड आर फले, णउ पर णउ अप्पाण।
सहजानन्द चउक्खण, णिअ सवेअ ण जाण ॥ ७८

हे सखे, निरक्खरस्थ स्वपरविभाग तु लौकिक त्वजा. (ठउ) परसविरस-सुसुप्नता सहजा निजस्वभावेन सवेदन

घोर अधारे चन्दमणि, जिम उज्जोअ करेइ।
परममहासुह अेक्क क्खणे, दुरिआ एस हरेइ ॥ ७९

चन्द्रकान्तिवत् अन्धकारापनयने गुरुरिव ससारिकः।

दुक्खदिवाअर अन्थविउ, उवइ ताराव्‌बइ सुक्क।
ठिअउ णिम्माणे णिम्मिअउ,तेण ढिमण्डलचक्क। (८०)

सन्नृत परमसार्थ अस्तङ गते सति बिम्बबुधबोधिचितस्थिरे सति. सदृतको यत्रवस्था धर्मसस्वोग अदृष्ट निर्मान बाह्या आस्य सक सवमण्डल चक्र नानामण्डलानाम्

चिन्तहि चित्त णि ण वट्ट, सअलउ मुञ्च कुदिट्ठि।
परममहासुहमोक्ख परु, तहि आअत्ता सिद्धि॥ (८१)

सहजअद्धषेति सुज्ञ अदित सव घर्म न नानात्मा कुदृष्टिछडह सहजात्म कु सकल परमसुखेन तस्योपरि परमोतम सिद्धिर् नस्तीति।

मुक्कउ चित्त गएन्द करु, एत्थवि अप्पा म पुच्छ।
मअण गिरी णइ जल पिअउ, तहि भडु बसिउ सइच्छ॥ (८२)

योगो हस्तिवत् भवदु ( ) खात् आत्मान पृछ मा कुरु आ महासुखम वेद्यती आकाशे पवन न पी अथवागत स्वतन्त्र कुरु आभासे।

बिसअ गअदे करे गहिअ, जिम मारइ पडिहाइ।
जोइ कवडिआर जिम, तहि पुणु णिप्परि जाइ॥ ८३

यत्किंचिद्रूप हस्तिवत् हस्तिखिलिकवत् विषयेन केन चित् लिप्यते चमरी हस्तिवत्।

§६ 'चचा' (चर्या) पोथियाँ

सिद्धो के गीत ८ वी से १२ वी शताब्दी तक—जब तक कि बौद्ध-धर्म उत्तरी भारत मे रहा—उसी तरह गाये और पढे जाते थे, जैसे आजकल कबीर साहब और दूसरे सन्तो की बानियाँ। आजकल के कुछ सन्त मतो मे भी गुप्त पूजा-पाठ होती है, जिसमे सन्त की बानी को गाया जाता है—उदाहरणार्थ शिवनारायण साहब की बानी। इस तरह के गुप्त पूजा-पाठ को चर्या, अनुष्ठान या आचरण कहा जाता था। सरह के समय और बाद में भी उत्तरी भारत का बौद्धधर्म महायान नही, वज्रयान (तान्त्रिक बौद्ध-धर्म) बन गया था। सरह वज्रयानी चर्याओ के प्रवर्त्तक थे, यह कहना मुश्किल है। उन्होने अपने "दोहाकोशगीति" के आरम्भ ही मे इस तरह के अनुष्ठानो और विश्वासो का खण्डन किया, जिसमे स्थविरो और महायानियो को भी नही छोड़ा है। यदि वह स्वय चर्याओ के प्रवर्त्तक या समर्थक होते. तो यह वदतोव्याघात होता।

जो भी हो, सरह के बाद चर्याओं का प्रचार बहुत जोर से हुआ, जिनमें पंचमकार का प्रयोग आवश्यक था। भारत में बौद्ध-धर्म के साथ चर्या के लुप्त होने के बाद भी यह नेपाल से नहीं उठी।

इसी चर्या शब्द का बिगड़ा रूप नेवारी में 'चचा' है। चर्या-पद्धति की आवश्यकता वहां अनुभूत हुई, क्योंकि उसके अनुष्ठान दो-एक सरल कामों या बातों तक ही सीमित नहीं, बल्कि घंटों तक चलने अनेक विधि-विधानों पर अवलम्बित। इसके लिए बहुत सी पुस्तिकाएँ भिन्न-भिन्न आचार्यों ने तैयार की, जिन्हें भी "चचा" कहते हैं। नेपाल के बौद्धों में जो नवजागृति हुई है, उसके कारण वज्रयान के क्रिया-कलापों से शिक्षितों की आस्था उठती जा रही है। इन अनुष्ठानों के पुरोहित बाड़ा (बन्द्य, वज्राचार्य) लोग भी अपने प्रभाव को खोते जा रहे हैं। उसके कारण डर है, कि कुछ दिनों में "चचा" की पद्धति बिल्कुल लुप्त न हो जाय, औ उसके साथ "चचा" की पुस्तिकाएँ भी नष्ट हो जायँ। यद्यपि यह वज्रयानी चर्याएँ मिथ्या विश्वास और मिथ्या आचार को फैलाती हैं, लेकिन इतिहास के लिए उनके अध्ययन की अवश्यकता है। इन गोष्ठियों में आज भी महासिद्धों और दूसरों के गीत एक खास लय में गाये जाते हैं। इनके अध्ययन से पुराने चर्यागीत के स्वरों का पता लग सकता है। शायद इसी लय में सिद्धों के गीत अपभ्रंश-काल में मध्यदेश, (उत्तर-प्रदेश, बिहार) में गाये जाते थे। यह बड़ी हानि होगी, यदि अध्ययन और संरक्षण के पहले ही वह नेपाल से लुप्त हो गये।

